दृक्सिद्धं निरयणञ्च चित्रापक्षीयमुत्तमम् । “विद्यापीठस्य पञ्चाङ्गम्” भूमौ विजयतेतराम्।।

ISSN 2229-3450

दृक्सिद्ध निरयण भारतीय

राजा–गुरु

विक्रम संवत्-२०८३
शक-संवत्-१९४८

मन्त्री–मंगल

भा०गणराज्य-संवत् ७९-८०
ईशवीय-सन् २०२६-२०२७

विद्यापीठ – पञ्चाङ्ग

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय-विश्वविद्यालय)

बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली – 110016

वर्ष : 44 | संवत्सर - रौद्र | मूल्य रू. 100/–

प्रधान–सम्पादक

प्रो. मुरलीमनोहर पाठक

कुलपति

सम्पादक :

प्रो. प्रेमकुमार शर्मा

वरिष्ठाचार्य, ज्योतिष–विभाग

प्रो. बिहारीलाल शर्मा

आचार्य, ज्योतिष–विभाग

प्रो. दिवाकर दत्त शर्मा


आचार्य एवं अध्यक्ष, ज्योतिष–विभाग



पञ्चाङ्ग–प्रवर्तक

स्व. म.म.पं. कल्याणदत्त शर्मा

"राष्ट्रपति–सम्मानित"



प्रेरणास्रोत

स्व. प्रो. शुकदेव चतुर्वेदी

"राष्ट्रपति–सम्मानित"

सम्पादक मण्डल

1. प्रो. विनोद कुमार शर्मा – आचार्य, ज्योतिष–विभाग
2. प्रो. परमानन्द भारद्वाज – आचार्य, ज्योतिष–विभाग
3. प्रो. सुशील कुमार – आचार्य, ज्योतिष–विभाग
4. प्रो. फणीन्द्र कुमार चौधरी –आचार्य, ज्योतिष–विभाग
5. प्रो. रश्मि चतुर्वेदी – आचार्य, ज्योतिष–विभाग
6. डॉ. रत्न लाल – सह आचार्य ज्योतिष–विभाग
7. डॉ. मनोरमा कुमारी – सहायकाचार्य, ज्योतिष–विभाग
8. डॉ. खेमराज रेग्मी – सहायक आचार्य, अतिथि
9. डॉ. बृजमोहन – सहायक आचार्य, अतिथि
10. डॉ. होमेशदत्त – सहायक आचार्य, अतिथि

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय–विश्वविद्यालय)

बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110 016

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली - ११००१६

संक्षिप्त-परिचय

भारत की राजधानी दिल्ली में एक अन्तर्राष्ट्रिय संस्कृत-संस्थान के अभाव की पूर्ति के लिए स्वर्गीय ''प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी'' की प्रेरणा से अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन ने विजयदशमी विक्रम-संवत् २०२० को संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की। उस समय इस विद्यापीठ का नाम अखिल भारतीय संस्कृत विद्यापीठ रखा गया और भारत के तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी ने इसके शासन निकाय की अध्यक्षता स्वीकार की। स्वर्गीय श्री शास्त्री जी की प्रेरणा एवं उनकी संस्कृत तथा भारतीय संस्कृति में अगाध निष्ठा से विद्यापीठ की समस्त प्रवृत्तियों को बड़ा बल मिला और अपनी स्थापना के दो-तीन वर्षों में ही इस विद्यापीठ ने देश के संस्कृत-शिक्षण-संस्थानों में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया।

उनके निधन के उपरान्त विद्यापीठ की स्थापना में उनके महनीय योगदान और इस संस्था के साथ शास्त्री जी के ऐतिहासिक सम्बन्धों को ध्यान में रखते हुए दिनांक ०२ अक्टूबर १९६६ ई० को भारत की तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने भारत सरकार द्वारा इसका अधिग्रहण करके इसका नाम श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ रखने की घोषणा की। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने स्वयं विद्यापीठ के सभापति पद को स्वीकार किया। उनके सभापतित्व तथा तत्कालीन दिल्ली के उपराज्यपाल डॉ. आदित्य नाथ झा के कार्यवाहक सभापतित्व में इस विद्यापीठ ने प्रगति का एक महत्त्वपूर्ण दौर पूरा किया।

प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की घोषणा के अनुसार भारत सरकार ने शिक्षा मन्त्रालय में स्वायत्तसंस्था के रूप में ०१ अप्रैल १९६७ ई० को विद्यापीठ का अधिग्रहण कर इसके संचालन के लिए एक सभा नियुक्त की। दिनांक २१ दिसम्बर १९७० ई. से इस विद्यापीठ का प्रबन्ध 'राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान' के अन्तर्गत दिया गया। तब से इस विद्यापीठ का नाम 'श्री लाल बहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ' रखा गया।

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग की अधिसूचना सं. F.२/४५ U.३ दिनांक १६ नवम्बर १९८७ द्वारा इस विद्यापीठ को "मानित-विश्वविद्यालय" का स्तर प्रदान किया गया।

इसके संचालन के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ नाम से एक स्वायत्त समिति का पंजीकरण कर इसकी व्यवस्था उक्त समिति को स्थानान्तरित की गयी। मानित-विश्वविद्यालय के रूप में इसका उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम रामास्वामी वैंकटरामन् द्वारा २३ फरवरी १९९१ ई० को किया गया।

भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना सं. F. No. 4-4/2018-Skt-II दिनाङ्क १७.०४.२०२० के अनुसार श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ (मानित-विश्वविद्यालय) को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय-विश्वविद्यालय) घोषित किया गया। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. F.No.1(149)/LBSV/Admn/2019-20/20 दिनाङ्क ३०.०४.२०२० के अनुसार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में कार्य प्रारम्भ किया गया। विद्यापीठ के संस्थापक कुलपति **पद्मश्री श्रद्धेय डॉ. मण्डन मिश्र जी** ने अप्रतिम समर्पण भाव से इस कल्पवृक्ष का आरोपण किया, वर्तमान में इसके **कुलाध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू जी** के मार्गदर्शन में यह विश्वविद्यालय पल्लवित, पुष्पित एवं फलीभूत हो रहा है।

वर्तमान में यह विश्वविद्यालय शास्त्री, शिक्षा-शास्त्री, आचार्य, शिक्षाचार्य, विशिष्टाचार्य, विद्यावारिधि एवं विद्या-वाचस्पति उपाधियों के लिए अध्ययन-अध्यापन, प्रशिक्षण एवं शोध कार्य की व्यवस्था कर रहा है।

विश्वविद्यालय ने अब तक १४१ उच्चकोटि के प्रकाशन राष्ट्र को समर्पित किए हैं। वर्तमान में ३४६ विद्यार्थी विभिन्न विभागों में शोध के लिए पंजीकृत हैं, जिनमें ४२ छात्र ज्योतिष शास्त्र के विविध विषयों पर शोधकार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शोधकर्ताओं के शोधात्मक आलेख त्रैमासिक शोध पत्रिका **''शोधप्रभा''** में भी प्रकाशित किये जाते हैं ।

प्रस्तावना

भारतीय ज्योतिष-शास्त्र की एक प्रमुख विशेषता है, कि यह प्रत्यक्ष शास्त्र है। सौरमण्डलीय ग्रहों की गति, स्थिति, उदय, अस्त, मार्गत्व, वक्रत्व, ग्रहण एवं चन्द्रकलाओं की ह्रास-वृद्धि आदि कुछ ऐसी घटनायें हैं, जो हजारों-हजारों वर्षों से इसकी प्रत्यक्षता की गवाही दे रही हैं। ज्योतिष-शास्त्र में प्रत्यक्षता का अर्थ होता है- **''गणितागत परिणाम का ज्यों का त्यों दिखलाई देना।''** उदाहरणार्थ जिस समय गणित से पूर्णिमा आए और उस समय चन्द्रमा का परिपूर्ण बिम्ब दिखलाई दे अथवा जिस समय सूर्य या चन्द्रमा का ग्रहण गणित से निकाला जाए और उसी समय सूर्य या चन्द्रमा का ग्रहण पड़े अथवा गणित से ग्रहों के उदयास्त का जो समय बतलाया जाए, उसी समय ग्रहों का उदयास्त हो, इस प्रकार के गणितागत परिणामों का यथावत् घटित होना प्रत्यक्षता कही जाती है।

'प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रम्' की उद्घोषणा करने वाले वसिष्ठ एवं पराशर प्रभृति महर्षियों ने इस प्रकार के सत्यों एवं सिद्धांतों को दो प्रकार से ज्ञात किया था। १-अन्तर्दृष्टि (Intuition) एवं, २-पर्यवेक्षण (Observation)। अन्तर्दृष्टि या दिव्यदृष्टि एक ऐसी वैयक्तिक क्षमता है, जिसके द्वारा विचार-तरंगों में आन्दोलित तथ्यों को यथावत् आत्मसात् किया जा सकता है। तथ्य एवं सत्य दोनों को जानने की यह एक सयुक्तिक विधा है। क्योंकि यह विचारणीय पदार्थ के विहित गुण-दोषों का ही विवेचन नहीं करती, वरन् यह सर्वथा उदासीन या तटस्थ रहकर उसके सम्पूर्ण स्वरूप का यथावत् अवलोकन भी करती है। इसलिए अन्तर्दृष्टि अभिज्ञान (Intuitive Cognition) में सदैव एक मौलिक प्रकार की निश्चिन्तता एवं विश्वसनीयता पाई जाती है।

हमारे महर्षियों ने इसके साथ-साथ पर्यवेक्षण का सतत उपयोग किया था। वे अकेली-अकेली एवं सामूहिक घटनाओं को बार-बार घटित होने वाली ग्रहों की गतिविधियों के प्रकाश में ध्यानपूर्वक देखते थे और ग्रहों की गतिविधियों की आवृत्ति के साथ-साथ उनकी जनसमुदाय पर पड़ने वाली शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रियाओं का अवलोकन करते थे। इस प्रकार सैंकड़ों वर्षों के पर्यवेक्षण ने क्रान्तिद्रष्टा ऋषियों को समाहित कर दिया, कि राशिचक्र की राशिविशेष में ग्रहविशेष की विशिष्ट गतिविधि का तत्काल जन्म लेने वाले एवं जीवित मानवों पर एक सविशेष प्रकार का प्रभाव पड़ता है।

इस प्रकार की अन्तर्दृष्टि एवं पर्यवेक्षण की विधियों में ग्रह-नक्षत्रों की समस्त गतिविधियों एवं उनके मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का एकत्र संकलित स्वरूप भारतीय ज्योतिषशास्त्र है। यदि संक्षेप में कहा जाए तो यह शास्त्र उन सत्यों एवं सिद्धांतों का ज्ञानकोष है - जिनके द्वारा ग्रह-नक्षत्रों की समस्त गतिविधियों एवं उनके समस्त परिणामों को जाना जा सकता है। भारतीय ज्योतिष-शास्त्र के मनीषियों की यह सर्वसम्मत मान्यता है, कि जीवन में घटित होने वाली समस्त घटनायें ग्रह-नक्षत्रों की गतिविधियों के साथ सापेक्षता रखती हैं।

ग्रहों की गति एवं स्थिति को काल कहते हैं। चूँकि यह शास्त्र ग्रहों की गतिविधि अर्थात् काल तथा जीवन में घटित होने वाली घटना अर्थात् उसका परिणाम इन दोनों के बारे में सांगोपांग विवेचन करता है, अतः यह कालविज्ञान कहलाता है। काल के विविध मानों में तिथि, नक्षत्र, योग, करण एवं वार- ये पाँच अंग प्रधान होते हैं, जिन्हें पञ्चाङ्ग कहते हैं। इनकी जानकारी के बिना न तो श्रौत एवं स्मार्त्त कर्मों का विधान किया जा सकता है और न ही नित्य, नैमित्तिक एवं प्रायश्चित्त कर्मों का अनुष्ठान किया जा सकता है। सभी प्रकार के व्रत, पर्व एवं उत्सवों की जानकारी हमें पञ्चाङ्ग से ही मिलती है। अतः समस्त धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों के यथासमय सम्पादन में पञ्चाङ्ग हमारी सर्वाधिक सहायता करता है।

पञ्चाङ्ग में तिथ्यादि के मानों को अप्रत्यक्ष या अदृश्य कहकर उनकी स्थूल गणना, मकरन्द एवं ग्रहलाघव आदि की सारिणियों से करने के आग्रह और प्रमाण के लिए सूर्य-सिद्धांत का उल्लेख किया जाता है, जबकि सूर्य सिद्धान्तकार दृक्तुल्यता के समर्थक हैं, यथा -

तत्तद्गतिवशान्नित्यं यथा दृक्तुल्यतां ग्रहाः।
प्रयान्ति तत्प्रवक्ष्यामि स्फुटीकरणमादरात्॥

इसके साथ-साथ सिद्धान्त ग्रन्थों के प्रणेता प्रायः सभी आचार्यों ने दृक्तुल्य ग्रहों के द्वारा तिथ्यादि आनयन को व्रत-पर्व, एवं उत्सवों के लिए उपयोगी माना है।

यथा - **यस्मिन् पक्षे यत्र काले येन दृग्गणितैक्यकम्।**
दृश्यते तेन पक्षेण कुर्यात्तिथ्यादिनिर्णयम् ।। - वशिष्ठ
यात्राविवाहोत्सवजातकादौ खेटैः स्फुटैरेव फलस्फुटत्वम्।
स्यात्प्रोच्यते तेन नभश्चराणां स्फुटक्रिया दृग्गणितैक्यकृद्या।।
-भास्कराचार्य
तेभ्यः स्याद् ग्रहणादिदृक्सममियं प्रोक्ता मया सा तिथिः।
ग्राह्या मंगलधर्मनिर्णयविधावेषा यतो दृक्समा।। -तिथिचिन्तामणि

मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के द्वारा प्रवर्तित शास्त्रचूड़ामणि योजना में राष्ट्रपति-सम्मानित ज्योतिष यन्त्रालय जयपुर के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. म.म. पं० कल्याणदत्त शर्मा जी की सेवायें इस विद्यापीठ को प्राप्त हुईं । श्री शर्मा जी वेधशाला एवं भारतीय गणित के प्रमुख विद्वान् थे। उनके अहर्निश चिन्तन एवं प्रयत्न से विद्यापीठ-पञ्चाङ्ग का श्रीगणेश हुआ।

श्री शर्मा जी को भी इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए एक कर्मठ एवं शास्त्रीय परम्परा में निष्णात प्रो. ओंकारनाथ चतुर्वेदी जी का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। परिणाम स्वरूप इन दोनों विद्वानों ने सन् १९८२ ई. के ग्रीष्मावकाश में अथक परिश्रम से वि. सम्वत् २०४० के पञ्चाङ्ग-गणित का कार्य सम्पन्न करके इसे सम्पादन के लिए तत्कालीन ज्योतिष- विभागाध्यक्ष प्रो. शुकदेव चतुर्वेदी जी को सौंपा। प्रो. चतुर्वेदी जी ने शीघ्र ही इसका सम्पादन करके विद्यापीठ पञ्चाङ्ग के प्रकाशनार्थ पञ्चाङ्ग गोष्ठी का प्रस्ताव विद्यापीठ के संस्थापक कुलपति एवं तत्कालीन प्राचार्य श्रद्धेय पद्मश्री डॉ. मण्डन मिश्र जी को प्रस्तुत किया।

दिनांक ०५ अक्टूबर १९८२ को विद्यापीठ में सम्पन्न पञ्चाङ्गगोष्ठी के अनुसार इस पञ्चाङ्ग का निर्माण ग्रीन्विच से पूर्वी रेखांश ७७°-१२', उत्तरी अक्षांश २८°-३८' अर्थात् भारत की राजधानी दिल्ली को आधार मानकर चित्रापक्षीय एवं निरयण पद्धति से किया गया है। इस पञ्चाङ्ग में दैनिक स्पष्टग्रह, दैनिक लग्नसारिणी, जन्म-पत्री एवं वर्षफल के निर्माण की सुगम सारिणियाँ, उत्तरी भारत के प्रमुख नगरों की लग्न सारिणियाँ, व्रत-पर्व एवं उत्सवों की वर्गीकृत सूची, मांगलिक मुहूर्तों की तालिका, राहुकाल, लोकभविष्य एवं मेलापक जैसे लोकोपयोगी विषयों का समावेश किया गया है, जो एक प्रमुख पञ्चाङ्ग के लिए आवश्यक होते हैं।

वि. संवत् २०८३ के विद्यापीठ-पञ्चाङ्ग के व्रत-पर्व एवं उत्सवों का ज्योतिष एवं धर्मशास्त्रीय नियमों के आधार पर निर्णय करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन दिनाङ्क २३, २४ एवं २५ जुलाई, २०२५ को विश्वविद्यालय में किया गया, जिसमें श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के ज्योतिष-विभागाध्यक्षचर प्रो. ओंकारनाथ चतुर्वेदी, कामेश्वर सिंह दरभङ्गा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभङ्गा, बिहार के कुलपतिचर प्रो. रामचन्द्र झा तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रणवीर परिसर, जम्मू के निदेशकचर प्रो. वासुदेव शर्मा एवं ज्योतिष-विभागीय प्राध्यापकों प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, प्रो. विनोद कुमार शर्मा, प्रो. दिवाकर दत्त शर्मा, प्रो. परमानन्द भारद्वाज, प्रो. सुशील कुमार, प्रो. फणीन्द्र कुमार चौधरी, प्रो. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. रतन लाल, डॉ. खेमराज रेग्मी, डॉ. बृजमोहन, डॉ. होमेश दत्त एवं धर्मशास्त्र विभाग के प्रो. यशवीर सिंह, डॉ. हिमांशु शेखर त्रिपाठी एवं डॉ. मीनाक्षी मिश्र ने भाग लिया। इसका सम्पादन ज्योतिष-विभागाध्यक्ष, प्रो. दिवाकर दत्त शर्मा द्वारा ज्योतिष विभागीय विद्वानों के सहयोग से किया गया, पञ्चाङ्ग के प्रकाशनार्थ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. पवन कुमार शर्मा जी एवं वित्ताधिकारी श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव जी का प्राशासनिक कार्यों में अद्वितीय सहयोग रहा है। मैं इन सभी महानुभावों को धन्यवाद देता हूँ। विद्यापीठ-पञ्चाङ्ग का यह चव्वालिसवाँ अङ्क विज्ञजनों के हाथों में समर्पित करते हुए मैं अपार हर्ष का अनुभव कर रहा हूँ। आशा है आपका आशीर्वाद एवं परामर्श हमारे इस प्रयास को और अधिक उपयोगी बनाने में सहायक होगा।

वसन्त पञ्चमी, रविवार
दिनाङ्क २३ जनवरी २०२६ ई.

प्रो. मुरलीमनोहर पाठक
कुलपति
प्रधान-सम्पादक

♦ विद्यापीठ पञ्चाङ्ग ♦ विषय-सूची ♦ विक्रम संवत् २०८३ ♦

अथ सन्ध्योपासनाविधिः

पवित्रीकरणम्

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा इत्यस्य वामदेव ऋषिः
गायत्रीच्छन्दः विष्णुर्देवता हृदि पवित्रकरणे विनियोगः।

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥ सर्वं शुचिः॥

आचमनम्

ॐ ऋग्वेदाय नमः स्वाहा । ॐ यजुर्वेदाय नमः स्वाहा।
ॐ सामवेदाय नमः स्वाहा। ॐ अथर्ववेदाय नमः ॥ (हस्तौ प्रक्षाल्य)

आसनशुद्धिः

ॐ पृथ्वीति मन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता आसनपवित्रकरणे विनियोगः।

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्॥

पवित्रीधारणम्

ॐ पवित्रेस्थ इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्ऋषिः भूरिक् अत्यष्टिच्छन्दः आपो देवता पवित्रधारणे विनियोगः।

ॐपवित्रेंस्थोव्वैष्णव्व्योसवितुर्व्वः प्रसवऽउत्पुंनाम्म्यच्छिंद्रेणपवित्रेंणसूर्य्यस्य रश्मिभिंः॥ तस्यंतेपवित्रपतेपवित्रंपूतस्ययत्कांमः पुनेतच्छंकेयम्॥

शिखाबन्धनम्

ॐ मानस्तोक इति मन्त्रस्य कुत्स ऋषिः जगतीच्छन्दः एकरुद्रो देवता शिखाबन्धने विनियोगः।

ॐमानंस्तोकेतनंयेमानऽआयुंषिमानोगोषुमानोऽअश्वेंषुरीरिषः॥
मानोंव्वीरानुंद्रभामिनोंवधीर्हविष्मंन्तः सदमित्त्वांहवामहे॥
चिद्रूपिणि महामाये दिव्यतेजः समन्विते।
तिष्ठ देवि शिखामध्ये तेजोवृद्धिं कुरुष्व मे॥
स्नाने दाने जपे होमे सन्ध्यायां देवतार्चने।
शिखाग्रन्थिं विना कर्म न कुर्याद् वै कदाचन॥

भस्माभिमन्त्रणम्

ॐ त्र्यम्बकमित्यस्य वसिष्ठ ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः त्र्यम्बको रुद्रो देवता भस्माभिमन्त्रणे विनियोगः।

ॐ त्र्यंम्बकंय्यजामहेसुगन्धिम्पुंष्टिवर्द्धनम्॥
उर्व्वारुकमिंवबन्धंनान्मृत्योर्मुक्षीयमामृतांत्॥

भस्मधारणम्

ॐ त्र्यायुषमित्यस्य नारायण ऋषिः उष्णिक् छन्दः आशीर्देवता भस्मधारणे विनियोगः।

ॐ त्र्यायुषञ्जमदंग्नेः कश्यपंस्यत्र्यायुषम् ॥
यद्देवेषुंत्र्यायुषन्तन्नोंऽअस्तुत्र्यायुषम्॥

ॐ अग्निरिति भस्म। ॐ वायुरिति भस्म। ॐ जलमिति भस्म। ॐ स्थलमिति भस्म। ॐ व्योमेति भस्म। ॐ सर्वᳪहवा इदं भस्म। ॐ मन एतानि चक्षूंषि भस्मानि॥
(इति भस्मानि अवधार्य हस्तौ प्रक्षालयेत्)

आचमनम्

ॐ ऋतञ्चेति माधुश्छन्दसोऽघमर्षण ऋषिरनुष्टुप् छन्दो भाववृतं दैवतम् अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

ॐ ऋतञ्चसत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत। ततः समुद्रोअर्णवः।
समुद्रादर्णवादधिसंवत्सरोअजायत।
अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्यमिषतो वशी।
सूर्याच्चन्द्रमसौधातायथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्चपृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः॥

प्राणायामः

ॐ प्रणवस्य परब्रह्मर्षिः देवीगायत्रीच्छन्दः परमात्मा देवता प्रणायामे विनियोग: सप्तव्याहृतीनां क्रमेण विश्वामित्रजमदग्निभरद्वाजगौतमात्रिवसिष्ठकश्यपा ऋषयः गायत्र्युष्णिग् अनुष्टुब्बृहतीपङ्क्तित्रिष्टुब्जगत्यश्छन्दांसि अग्नि-वाय्वादित्यबृहस्पतिवरुणेन्द्र-विष्णवो देवताः प्राणायामे विनियोग: तत्स-वितुरित्यस्य विश्वामित्र ऋषिः गायत्रीच्छन्दः सविता देवता प्रणायामे विनियोग: आपोज्योतिरित्यस्य प्रजापतिऋषिः यजुश्छन्दः ब्रह्माग्निवायुसूर्या देवताः प्राणायामे विनियोगः।

(पूरक-कुम्भक-रेचक- पूर्वकं त्रिवारं प्राणायामम् आचरेत्)

ॐ भूः ॐ भुवः ॐ स्वः ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यम्।

ॐ तत्संवितुर्व्वरेण्यम्भर्गोदेवस्यंधीमहि॥ धियोयोनः प्रचोदयांत्॥

ॐ आपोज्योतीरसोऽमृतं ब्रह्मभूर्भुवः स्वरोम्॥ (हस्तौ प्रक्षाल्य)

सन्ध्यासङ्कल्पः

ॐ तिथिर्विष्णुस्तथा वारो नक्षत्रं विष्णुरेव च ।
योगश्च करणं विष्णुः सर्वं विष्णुमयं जगत्॥

हरिः ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुराणपुरुषोत्तमस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीये परार्द्धे श्रीश्वेत-वाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भरतखण्डे भारतवर्षे आर्यवर्तैकदेशान्तर्गते पुण्यप्रदेशे (इन्द्रप्रस्थक्षेत्रे) ..तमे श्रीशालिवाहनशके तमे विक्रमाब्दे षष्ट्यब्दानां मध्ये अस्मिन् वर्तमाने ....नामधेयसंवत्सरे, श्रीसूर्ये ..... अयने, ..ऋतौ, मासानामुत्तमे ...... मासे शुभे, ...पक्षे, अद्य शुभपुण्यतिथौ,.... वासरे, ..नक्षत्रे, .योगे, ..करणे, ...राशिस्थिते श्रीसूर्ये, ...राशिस्थिते श्रीचन्द्रे, ..राशिस्थिते श्रीदेवराजगुरौ, शेषेषु ग्रहेषु यथायथं राशिस्थानस्थितेषु सत्सु, एवं ग्रहगणगुणविशेषेण विशिष्टायां वेलायां शुभपुण्यतिथौ, ... गोत्रोत्पन्नः ...शर्माऽहम् ममोपात्तदुरितक्षयपूर्वकं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं ब्रह्मवर्चसः सिध्यर्थञ्च प्रातः / मध्याह्नम् / सायम् सन्ध्योपासनं करिष्ये।

ॐ इन्द्राय नमः। ॐ अग्नये नमः। ॐ यमाय नमः। ॐ निर्ऋतये नमः।

दिग्रक्षणम्

प्राच्यां दिशि। आग्नेय्यां दिशि। दक्षिणायां दिशि। नैर्ऋत्यां दिशि। पश्चिमायां दिशि। वायव्यां दिशि। उत्तरस्यां दिशि। ऐशान्यां दिशि। ऊर्ध्वायां दिशि। अधोदिशि।

कुबेरो रक्षतु। ईशानो रक्षतु। ब्रह्मा रक्षतु। अनन्तो रक्षतु। इन्द्रो रक्षतु। अग्नी रक्षतु। यमो रक्षतु। निर्ऋती रक्षतु। वरुणो रक्षतु। ॐ वरुणाय नमः। वायू रक्षतु। ॐ वायवे नमः। ॐ कुबेराय नमः। ॐ ईशानाय नमः। ॐ ब्रह्मणे नमः। ॐ अनन्ताय नमः।

अम्बुप्राशनम्

प्रातः

ॐ सूर्यश्चमेति नारायण ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः सूर्यो देवता अम्बुप्राशने विनियोगः।

ॐ सूर्यश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम्। यद्रात्र्या पापमकार्षं मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेणशिश्ना रात्रिस्तदवलुम्पतु। यत्किञ्चदुरितम्मयि इदमहमापोऽमृतयोनौ सूर्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा॥ (वारत्रयम् आचमनं कुर्यात्)

मध्याह्नम्

ॐ आपः पुनन्त्विति ब्रह्मा ऋषिः गायत्रीच्छन्दः आपो देवता अम्बुप्राशने विनियोगः।

ॐ आपः पुनन्तु पृथिवीं पृथिवी पुनातु माम्।
पुनन्तु ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्मपूता पुनातु माम्।
यदुच्छिष्टमभोज्यञ्च यद्वा दुश्चरितं मम।
सर्वं पुनन्तु मामापोऽसताञ्च प्रतिग्रहं स्वाहा॥

सायम्

ॐ अग्निश्चमेति रुद्र ऋषिः प्रकृतिश्छन्दोऽग्निर्देवता अम्बुप्राशने विनियोगः।

ॐ अग्निश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम्।
यदह्ना पापमकार्षं मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेणशिश्ना अहस्तदवलुम्पतु। यत्किञ्च दुरितम्मयि इदमहमापोऽमृतयोनौ सूर्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा॥

मार्जनम्

ॐ आपोहिष्ठेत्यादित्र्यृचस्य सिन्धुद्वीप ऋषिः गायत्रीच्छन्दः आपो देवता मार्जने विनियोगः।

ॐ आपो हि ष्ठा मयो भुवः। ॐ ता नऽऊर्जे दधातन। ॐ महेरणाय चक्षसे। ॐ यो वः शिवतमो रसः। ॐ तस्य भाजयते ह नः। ॐ उशतीरिव मातरः। ॐ तस्माऽअरङ्गमामवः। ॐ यस्य क्षयाय जिन्वथ। ॐ आपो जनयथाचनः॥

अभिमन्त्रणम्

ॐ द्रुपदादिवेत्यस्य कोकिलो राजपुत्र ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः आपो देवता शिरस्स्येके विनियोगः।

ॐ द्रुपदादिव मुमुचानः स्विन्नः स्नातो मलादिव।
पूतम्पवित्रेणेवाज्यमापः शुन्धन्तुमैनसः॥

अघमर्षणम्

ॐ अघमर्षणसूक्तस्याघमर्षण ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः भाववृतो देवता अघमर्षणे विनियोगः।

ॐऋतञ्चसत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत। ततः समुद्रो अर्णवः।
समुद्रादर्णवादधिसंवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्यमिषतो वशी।
सूर्या च्चन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः॥

आचमनम्

ॐ अन्तश्चरसीति तिरश्चीन ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

ॐ अन्तश्चरसि भूतेषु गुहायां विश्वतोमुखः।
त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कार आपो ज्योती रसोऽमृतम्॥

सूर्यार्घ्यविधिः

ॐ कारस्य ब्रह्मा ऋषिः देवीगायत्रीच्छन्दः परमात्मा देवता भूर्भुवः स्वरिति महाव्याहृतीनां परमेष्ठी प्रजापतिर्ऋषिः गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि अग्निवायुसूर्या देवताः तत्सवितुरित्यस्य विश्वामित्र ऋषिः गायत्रीच्छन्दः सविता देवता सूर्यार्घ्यदाने विनियोगः।

ॐ भूर्भुवःस्वः॥ तत्संवितुर्व्वरेंण्यम्भर्गोंदेवस्यंधीमहि॥

धियोषोनंः प्रचोदयांत्॥

ॐ एहि सूर्य सहस्रांशो तेजो राशे जगत्पते।

अनुकम्पय मां भक्त्या गृहाणार्घ्यं दिवाकर॥

ॐ भूर्भुवः स्वः ब्रह्मस्वरूपिणे/ विष्णुस्वरूपिणे/ रुद्रस्वरूपिणे सवित्रे श्रीसूर्यनारायणाय इदम् अर्घ्यं दत्तम्, न मम॥

सूर्योपस्थानम्

ॐ उद्वयमित्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः सूर्यो देवता उदुत्यमित्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः निचृद्गायत्रीच्छन्दः सूर्यो देवता चित्रमित्यस्य कौत्स ऋषिः त्रिष्टुप् छन्दः सूर्यो देवता तच्चक्षुरित्यस्य दध्यङथर्वण ऋषिः उष्णिक्छन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः।

ॐ उद्वयन्तमंसस्परिस्वः पश्यंन्तऽउत्तंरम् ॥

देवन्देंवत्रासूर्य्यमगंन्मज्योतिंरुत्तमम्॥

उदुत्यञ्जातवेंदसन्देवंव्वंहन्तिकेतवंः॥ दृशेव्विश्श्वांयसूर्य्यम्॥

चित्रन्देवानामुदंगादनींकञ्चक्षुंर्म्मित्रस्यर्ष्यरुंणस्याग्ग्नेः॥

आप्प्राद्यावांपृथिवीऽअन्तरिंक्षद्ध सूर्य्यऽआत्माजगंतस्तस्थुषंश्श्च ॥

तच्चक्षुंर्देवहिंतम्पुरस्तांच्छुक्रमुच्चंरत् ॥

पश्येंमशरदंः शतञ्जीवेंमशरदंः शतद्ध श्रृणुंयामशरदंः शतम्प्रब्रंवामशरदंः शतमंदींनाः स्यामशरदंः शतम्भूयंश्चशरदंः शतात्॥

अङ्गप्रोक्षणम्

ॐ भूः पुनातु शिरसि। ॐ भुवः पुनातु नेत्रयोः।

ॐ स्वः पुनातु कण्ठे। ॐ महः पुनातु हृदि।

ॐ जनः पुनातु नाभौ। ॐ तपः पुनातु पादयोः।

ॐ सत्यं पुनातु पुनः शिरसि॥

करन्यासः

ॐ भूः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ भुवः तर्जनीभ्यां नमः।

ॐ स्वः मध्यमाभ्यां नमः। ॐ तत्सवितुर्वरेण्यम् अनामिकाभ्यां नमः।

ॐ भर्गोदेवस्य धीमहि कनिष्ठिकाभ्यां नमः।

ॐ धियो योनः प्रचोदयात् करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥

अङ्गन्यासः

ॐ भूः हृदयाय नमः। ॐ भुवः शिरसे स्वाहा।

ॐ स्वः शिखायै वषट्। ॐ तत्सवितुर्वरेण्यम् कवचाय हुम्।

ॐ भर्गोदेवस्य धीमहि नेत्रत्रयाय वौषट्।

ॐ धियो योनः प्रचोदयात् अस्त्राय फट्॥

गायत्रीध्यानम्

ॐ मुक्ताविद्रुमहेमनीलधवलच्छायैर्मुखैस्त्रीक्षणैः

युक्तामिन्दुकलानिबद्धमुकुटां तत्त्वात्मवर्णात्मिकाम्।

गायत्रीं वरदाभयाङ्कुशकशाः शुभ्रं कपालं गुणं

शङ्खं चक्रमथारविन्दयुगलं हस्तैर्वहन्तीं भजे॥

बहुरूपिणि गायत्रि दिव्ये सन्ध्ये सरस्वति।

अजरे अमरे देवि ब्रह्मयोने नमोऽस्तु ते॥

प्रातः

ॐ ब्रह्माणी चतुराननाक्षवलयं कुम्भं करैः स्रुक्स्रुवौ

बिभ्राणारुणकान्तिरिन्दुवदना ऋग्रूपिणी बालिका।

हंसारोहणकेलिरम्बरमणेर्बिम्बाञ्चिता भूषिता

गायत्री हृदि भाविता भवतु नः सम्पत्समृद्ध्यै सदा॥

मध्याह्नम्

ॐ ध्येया सा च सरस्वती भगवती पीताम्बराऽलङ्कृता
श्यामातन्विजयादिभिः परिलसद्गात्राञ्चिता वैष्णवी।
तार्क्ष्यस्था मणिनूपुराङ्गददश-ग्रैवेयभूषोज्ज्वला
हस्तालम्बित-शङ्ख-चक्र-सुगदा भूत्यै श्रियै चास्तु नः॥

सायम्

ॐ रुद्राणी नवयौवना त्रिनयना वैयाघ्रचर्माम्बरा
खट्वाङ्ग-त्रिशिखाक्ष-सूत्रवलया ध्येया यजूरूपिणी।
विद्युद्दाम-जटा-कलाप-विलसद्-बालेन्दु-मौलिर्मुदा
सावित्री वृषवाहना शिततनूर्भूत्यै श्रियै चास्तु नः॥

गायत्र्यावाहनम्

ॐ तेजोसीती धामनामासीत्यस्य च परमेष्ठी प्रजापतिर्ऋषिः यजुस्त्रिष्टुबुष्णिहौ छन्दसी आज्यं देवता गायत्र्यावाहने विनियोगः।

ॐ तेजोँसिशुक्रमंस्यमृतंमसिधामनामांसिप्रियन्देवानामनांधृष्टन्देवय जनंमसि ॥

ॐ गायत्रीं त्र्यक्षरां बालां साक्षसूत्रकमण्डलुम् ।
रक्तवस्त्रां चतुर्हस्तां हंसवाहनसंस्थिताम् ॥
ऋग्वेदस्य कृतोत्सङ्गां सर्वदेवनमस्कृताम्।
ब्रह्माणीं ब्रह्मदैवत्यां ब्रह्मलोकनिवासिनीम्॥
आवाहयाम्यहं देवीमायान्तीं सूर्यमण्डलात् ।
आगच्छ वरदे देवि त्र्यक्षरे ब्रह्मवादिनि ॥
गायत्रि छन्दसां मातर्ब्रह्मयोने नमोऽस्तु ते ॥

गायत्र्युपस्थानम्

ॐ गायत्र्यसीति तुरीयपदस्य विवस्वान् ऋषिः स्वराणमहापङ्क्तिश्छन्दः परमात्मा देवता गायत्र्युपस्थाने विनियोगः।

ॐ गायत्र्यस्येकपदीद्विपदीत्रिपदीचतुष्पद्यपदसि ।
न हि पद्यसे नमस्ते तुरीयाय दर्शताय पदाय परो रजसे सावदो मा प्रापत्॥

ब्रह्मशापविमोचनम्

ॐ अस्य श्रीब्रह्मशापविमोचनमन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः गायत्रीच्छन्दः भुक्तिमुक्तिप्रदा ब्रह्मशापविमोचनी गायत्री शक्तिर्देवता ब्रह्मशापविमोचने विनियोगः।

ॐ गायत्रीम्ब्रह्मेत्युपासीत यद्रूपं ब्रह्मविदो विदुः।
तां पश्यन्ति धीराः सुमनसो वाचमग्रतः॥
ॐ वेदान्तनाथाय विद्महे हिरण्यगर्भाय धीमहि।
तन्नो ब्रह्म प्रचोदयात्॥
ॐ देवि! गायत्रि! त्वं ब्रह्मशापाद्विमुक्ता भव।।

वसिष्ठशापविमोचनम्

ॐ अस्य श्रीवसिष्ठशापविमोचनमन्त्रस्य निग्रहानुग्रहकर्ता वसिष्ठऋषिः गायत्रीच्छन्दः वसिष्ठानुगृहीता गायत्री शक्तिर्देवता विश्वोद्भवा वसिष्ठशापविमोचने विनियोगः।

ॐ सोऽहमर्कमयं ज्योतिरात्मज्योतिरहं शिवः।
आत्मज्योतिरहं शुक्रः सर्वज्योतिरसोऽस्म्यहम्॥
(योनिमुद्रां प्रदर्श्य त्रिवारं गायत्रीं जपेत्)
ॐ देवि! गायत्रि! त्वं वसिष्ठशापाद्विमुक्ता भव॥

विश्वामित्रशापविमोचनम्

ॐ अस्य श्रीविश्वामित्रशापविमोचनमन्त्रस्य नूतनसृष्टिकर्ता विश्वामित्र ऋषिः गायत्रीच्छन्दः विश्वामित्रानुगृहीता गायत्रीशक्तिर्देवता वाग्देहा विश्वामित्रशाप-विमोचने विनियोगः।

ॐ गायत्रीं भजाम्यग्निमुखीं विश्वगर्भा यदुद्भवाः।
देवाश्चक्रिरे विश्वसृष्टिं तां कल्याणीमिष्टकरीं प्रपद्ये॥
ॐ देवि! गायत्रि! त्वं विश्वामित्रशापाद्विमुक्ता भव॥

शुक्रशापविमोचनम्

ॐ अस्य श्रीशुक्रशापविमोचनमन्त्रस्य श्रीशुक्रऋषिः अनुष्टुप् छन्दः देवी गायत्री देवता शुक्रशापविमोचने विनियोगः।

ॐ सोऽहमर्कमयं ज्योतिरर्कज्योतिरहं शिवः।
आत्मज्योतिरहं शुक्रः सर्वज्योतिरसोऽस्म्यहम्॥
ॐ देवि! गायत्रि! त्वं शुक्रशापाद्विमुक्ता भव।
ॐ अहो देवि महा देवि सन्ध्ये विद्ये सरस्वति।
अजरे अमरे चैव ब्रह्मयोने नमोऽस्तु ते॥
ॐ देवि! गायत्रि! त्वं ब्रह्मशापाद्विमुक्ता भव॥
वसिष्ठशापाद्विमुक्ता भव॥ विश्वामित्रशापाद्विमुक्ता भव॥
शुक्रशापाद्विमुक्ता भव॥

चतुर्विंशतिमुद्राप्रदर्शनम्

ॐ सुमुखं सम्पुटं चैव विततं विस्तृतं तथा।
द्विमुखं त्रिमुखं चैव चतुः पञ्चमुखं तथा॥
षण्मुखाधोमुखञ्चैव व्यापकाञ्जलिकं तथा।
शकटं यमपाशं च ग्रथितञ्चोन्मुखोन्मुखम्॥
प्रलम्बं मुष्टिकञ्चैव मत्स्यः कूर्मो वराहकः।
सिंहाक्रान्तं महाक्रान्तं मुद्गरं पल्लवं तथा॥
चतुर्विंशतिरेतास्तु मुद्रा आदौ प्रकीर्तिताः॥

गायत्रीमन्त्रजपः

ॐ कारस्य ब्रह्मा ऋषिः गायत्रीच्छन्दः परमात्मा देवता भूर्भुवः स्वरिति महाव्याहृतीनां परमेष्ठी प्रजापतिर्ऋषिः गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि अग्नि-वायुसूर्या देवताः तत्सवितुरित्यस्य विश्वामित्र ऋषिः सविता देवता गायत्री छन्दः सर्वपापक्षयार्थे गायत्रीमन्त्रजपे विनियोगः।

मालाप्रार्थना

ॐ मां माले महामाये सर्वशक्तिस्वरूपिणि।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव॥
अविघ्नं कुरु माले त्वं गृह्णामि दक्षिणे करे।
जपकाले च सिद्ध्यर्थं प्रसीद मम सिद्धये॥

ॐ अक्षमालाधिपतये सुसिद्धिं देहि देहि सर्वमत्रार्थसाधिन साधय साधय सर्वसिद्धिं परिकल्पय परिकल्पय मे स्वाहा॥

गायत्रीमन्त्रः

ॐ भूर्भुवः स्वः॥ तत्संवितुर्व्वरेण्यम्भर्गोदेवस्यंधीमहि॥
धियोयोनः प्रचोदयांत्॥ जपान्ते.....
ॐ गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादान्महेश्वरि॥
ॐ यदक्षरं पदं भ्रष्टं मात्राहीनं च यद् भवेत्।
तत्सर्वं क्षम्यतां देवि काश्यपप्रियवादिनि।

जपान्तेऽष्टौ मुद्राः

ॐ सुरभिर्ज्ञानवैराज्ञे योनिः शङ्खोऽथ पङ्कजम्।
लिङ्गं निर्वाणकं चैव जपान्तेऽष्टौ प्रदर्शयेत्॥

सूर्यप्रदक्षिणा

विश्वतश्चक्षुरिति भौवन ऋषिः त्रिष्टुप् छन्दः विश्वकर्मा देवता श्रीसूर्य-प्रदक्षिणायां विनियोगः।

ॐविश्वतंश्चक्षुंरुतविश्वतोंमुखोविश्वतोंबाहुरुतदविश्वतंस्पात्॥
सम्बाहुभ्यान्धमंतिसम्पतंत्रैर्द्यावाभूमींजनयंन्देवएकः॥
ॐ एकचक्रो रथो यस्य दिव्यः कनकभूषितः।
स मे भवतु सुप्रीतः पद्महस्तो दिवाकरः॥

जपसमर्पणम्

ॐ देवागातुविद इत्यस्य मनसस्पतिर्ऋषिः वातो देवता विराट् छन्दः जपनिवेदने विनियोगः।

ॐ देवांगातुविदोगातुंवित्त्वागातुमिंत॥
मनंसस्पतऽइमन्देंवयज्ञं॑स्वाहाव्वातेधाः॥

हस्ते जलमादाय

अनेन कृतेन यथाशक्ति गायत्रीमन्त्रजपाख्येन कर्मणा भगवान् सविता श्रीसूर्यनारायणः प्रीयताम्।

गायत्रीविसर्जनम्

ॐ उत्तरे शिखरे इत्यस्य वामदेव ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः सन्ध्या देवता गायत्रीविसर्जने विनियोगः।

ॐ उत्तरे शिखरे देवि भूम्यां पर्वतमस्तके।
ब्राह्मणेभ्योऽभ्यनुज्ञाता गच्छ देवि यथासुखम्॥
विसर्जिता वेदमातर्द्विजानां पापनाशिनि।
सर्वकामप्रदे नित्ये गच्छ देवि नमोऽस्तु ते॥

अभिवादनम्

....प्रवरान्वितः................वाजसनेयिशाखाध्यायी.........गोत्रोत्पन्नः शुक्ल-यजुर्वेदान्तर्गत माध्यन्दिन- वाजशनेयिशाखाध्यायी...शर्माऽहम्, भो वैश्वानर! अभिवादये। भो सूर्यचन्द्रमसौ ! अभिवादये । भो गायत्रि! सावित्रि! सरस्वति! अभिवादये। भो। आचार्य! अभिवादये। भो मातापितरौ! अभिवादये। भो मातापितरौ! अभिवादये। भो गुरो! अभिवादये॥

आकाशात्पतितं तोयं यथा गच्छति सागरम् ।
सर्वदेवनमस्कारः केशवं प्रति गच्छति॥

हस्ते जलमादाय

अनेन कृतेन प्रातः/मध्याह्नम्/ सायम् सन्ध्योपासनाख्येन कर्मणा भगवान्सविता श्रीसूर्यनारायणः प्रीयताम्।

ॐ तत्सत् श्रीब्रह्मार्पणमस्तु।
यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु।
न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्॥

ॐ अच्युताय नमः। ॐ गयाय नमः। ॐ गदाधराय नमः। पुण्डरीकाक्षाय नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः। श्रीविष्णुस्मरणात् परिपूर्णोऽस्तु। अस्तु परिपूर्णः॥

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

सुशान्तिर्भवतु सर्वारिष्टसर्वोपद्रवशान्तिरस्तु॥
इति सन्ध्योपासनाविधिः

डॉ. खेमराज रेग्मी
ज्योतिष-विभाग

॥ श्रीमङ्गलमूर्त्तये नमः ॥

॥ श्रीवाग्देवतायै नमः ॥

"सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च" - (शु.य.सं.- ७.४२)

सोमसूर्यानिलाकल्पामकल्पामिन्दुशेखराम्।
पञ्चबिन्दुं हरेः शक्तिं पञ्चकृत्यकरीं नुमः॥
पञ्चदेवात्मको भूत्वा पञ्चशक्तिसमन्वितः।
पञ्चसृष्टिमधिष्ठाय प्रपञ्चरहितोऽवतु ॥
प्राप्ते नूतनवत्सरे प्रतिगृहे कुर्याद् ध्वजारोपणम्
स्नानं मङ्गलमाचरेद्द्विजवरैः सार्धं सुपूजोत्सवम् ।
देवानां गुरुयोषिताञ्च विभवाऽलङ्कारवस्त्रादिभिः
सम्पूज्यो गणकः फलञ्च शृणुयात्तस्माच्च लाभप्रदम्॥
पारिभद्रस्य पत्राणि कोमलानि विशेषतः।
सुपुष्पाणि समानीय चूर्णं कृत्वा विधानतः॥
मरीचिहिङ्ग्गुलवणजीरकेण च संयुतम्।
अजमोदायुतं कृत्वा भक्षयेद् रोगशान्तये॥

संवत्सरादिफलश्रवणमाहात्म्यम्-

राज्यं स्यादचलं नृपश्रवणतो मन्त्रीश्रवात् कौशलं,
धान्येशाद् विमला स्थिरा च सुरसावाणी भवेन्मेघपात्।
धर्मे बुद्धिरधिष्ठिता रसपतेर्दीर्घायुषत्वं भवेत्,
सस्येशाद् विमलामतिः शुभकरी राजा बलिः श्रूयताम्॥

अथ कल्पादितो गतवर्षाणि १९७२९४९१२७ सृष्टितो गताब्दाः १९५५८८५१२७ कृतयुगप्रमाणं १७२८००० अस्मिन् युगे श्रीविष्णुमत्स्यकच्छपवराहनृसिंहावताराः । त्रेतायुगप्रमाणं १२९६००० युगेऽस्मिन् श्रीवामनपरशुराम-रामचन्द्रावताराः। द्वापरयुगप्रमाणं ८६४००० अस्मिन् युगे कृष्णबलरामावतारौ। कलियुगप्रमाणं ४३२००० तन्मध्येऽहिंसाव्रती श्री बुद्धावतारोऽभवत्। साम्प्रतं गतकलिवर्षाणि ५१२६ भोग्यवर्षाणि ४२६८७४ । कलियुगस्य ८२१ वर्षावशेषकाले कल्क्यवतारः स्यात्।

कार्तिकशुक्लनवम्यां बुधवासरे मध्याह्ने श्रवणनक्षत्रे धृतियोगे कृतयुगोत्पत्तिः। तत्र पापं ० पुण्यं २०। वैशाखशुक्लतृतीयायां गुरोर्दिने रोहिणीनक्षत्रे द्वितीयप्रहरे धृतियोगे त्रेतायुगोत्पत्तिः। तत्र पापं ५ पुण्यं १५। माघकृष्णामावस्यायां शुक्रे धनिष्ठानक्षत्रे वरीयान्योगे निशायां द्वापरयुगोत्पत्तिः। तत्र पापं १० पुण्यं १०। भाद्रपदकृष्णत्रयोदश्यां रवौ सार्पभे व्यतीपातयोगे निशीथे कलियुगोत्पत्तिः। तत्र पापं १५ पुण्यं ५।

श्रीरामरावणयुद्धतो गता वत्सराः ८८०१६७ । श्रीकृष्णावतारतो गताब्दाः ५२६१ । महाभारतयुद्धतो गताब्दाः ५१२६ । श्रीमहावीर (जैन) निर्वाणसंवत् २५५१-२५५२ । श्रीबुद्धसंवत् २६४९-२६५०। श्रीमन्नृपतिवीर-विक्रमादित्यराज्यात् संवत् २०८३ । श्रीशालिवाहनराज्यात् संवत् १९४८, श्रीलक्ष्मणसंवत् ९१७-९१८। अंग्रेजीसंवत् २०२६-२०२७ ई. सन्, फसली सन् १४३३-१४३४। तत्र बार्हस्पत्यमानेन प्रभवादिषष्ट्यब्दानां मध्ये "रौद्र" नामसंवत्सरः। तत्र मेषाऽर्कसमये गतमासादिः ०१/०३/३५/२५ भोग्यमासादिः १०/२६/ २४/३५ सङ्कल्पादौ वर्षान्तं यावत् "रौद्र" नाम संवत्सरः प्रयोक्तव्यः। आश्विनदेवदैवतं युगम्। वर्षनाम 'पौष' इति। मेघनाम 'पुष्करः'। रोहिणीनिवासः 'समुद्रे'। समयनिवासः 'मालीगृहे'। भारतीयगणराज्य-संवत् ७९-८० ।

आकाशस्थ ग्रहमन्त्रिपरिषद्

(विभागाधिकारियों के नाम तथा उनके शुभाशुभ फल)

रौद्र नामक संवत्सर का सामान्य एवं विशिष्ट फल –

नूतन संवत् रौद्र नामक होने से विश्व के बहुत से राष्ट्र अपने प्रबल विरोधी, शत्रु देशों की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं विकासनीति को ध्वस्त करने के लिए युद्ध, लड़ाई, टकराव आदि गतिविधियों में संलग्न रहेंगे, जिससे भौगोलिक कुछ भूभाग पर निरन्तर युद्ध, रक्तपात की स्थिति बनी रहेगी।नव संवत् का राजा गुरु होने पर अपने –अपने क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षित एवं प्रतिभाशाली कुशल विद्वान लोग प्रतिष्ठित एवं सम्मानित होंगे। धर्म–परायण लोग यज्ञ, होम, मंत्र, जाप, दान, स्नान पाठ आदि शुभ कार्यों के सम्पादन में प्रवृत्त रहेंगे तथा अनेक विरोधी राष्ट्रों के मध्य शांति वार्ताएं सम्पन्न होंगी। संवत् का मंत्री मंगल होने से लोगों में क्रोध, गुस्सा, जिद, अहम्, टकराव, तनाव, विद्रोह, स्वार्थ, लोभ एवं धन लोलुपता की भावना बढ़ेगी। भारत सहित अनेक देशों का सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक वातावरण विक्षुब्ध, परेशानीदायक, तनावपूर्ण एवं अशान्त रहेगा, परिणामस्वरूप अनेक देशों के मध्य युद्ध, विद्रोह, उपद्रव, टकराव एवं प्रतिद्वन्दिता आदि की प्रवृत्तियां बढेंगी। सोना, चांदी, तांबा, कांस्य, पीतल आदि धातुओं तथा हीरा –पन्ना आदि रत्नों के मूल्यों में वृद्धि होगी।

अल्पतोयप्रदा मेघा अल्पसस्या च मेदिनी।
निष्ठुराः पार्थिवाः रौद्रे दावाग्निः प्रजायते॥

रौद्र नामक संवत् में मेघों द्वारा कम वृष्टि होती है फलस्वरूप पृथ्वी पर अन्न और धान्य अर्थात् फसलों का उत्पादन कम होता है। राजा लोग कठोर,निष्ठुर और निर्दयी हो जाते हैं तथा जंगलों में अग्नि लगती है।

अल्पतोयास्तथा मेघाः कीटाश्च शलभाः शुकाः।
विकृताः पार्थिवाः देवि रौद्रवर्षे वरानने॥

रौद्र नामक संवत् में मेघ कम वर्षा करते हैं तथा कीट, पतंग और शुक विकृत होते हैं।

अन्योन्यं नृपसंक्षोभं चौरव्याघ्रादिभिर्भयम्।
मध्यवृष्टिरनर्घत्वं रौद्राब्दे नैव गुर्जरे॥

रौद्र नामक संवत् में राजाओं में परस्पर क्षोभ तथा जनता चोरी, व्याघ्रादि भय, मध्य वृष्टि तथा महंगाई से दुखी रहती है किन्तु गुजरात में ऐसा फल नहीं होता है अर्थात् शुभ फल होता है।

रौद्रेब्दे नृपसंभूतक्षोभक्लेशसमन्विते ।
सततं त्वखिला लोका मध्यसस्यार्घवृष्टयः॥

रौद्र संज्ञक संवत् में राजाओं में परस्पर क्षोभ होता है तथा उनमें क्लेश बना रहता है। समस्त पृथ्वी पर सामान्य वृष्टि होने से अन्न की पैदावार भी सामान्य ही होती है।

रौद्रोऽतिरौद्रः क्षयकृत्प्रदिष्टः।

बृहत्संहिता के अनुसार रौद्र नामक संवत् में अतिशय अशुभ फल की प्राप्ति तथा प्रजा की हानि होती है।

त्रिषष्ठे तु समं ज्ञेयं अन्ये पीडा न संशयः।

बृहज्ज्योतिषसार ग्रन्थ के अनुसार नव रौद्र नामक संवत्सर निस्संदेह रूप से समस्त जनता को पीड़ादायक रहेगा।

रौद्राब्दे नृपसम्भूत – संक्षोभक्लेशप्रजाभागिनः।
सततमखिला लोका भूपा मध्यसस्यार्घवृष्यः॥

रौद्र नामक संवत् में प्रजा को राजाओं से क्षोभ और क्लेश की प्राप्ति होती है। सामान्य वृष्टि होने से अन्न, फल आदि की पैदावार भी सामान्य ही होती है।

मध्यसस्या भवेद्धात्री सामान्येन प्रवर्तनम्।
दुर्मतीनां महत्त्वं स्याद् दुर्मतौ वर्णसंक्रमः ॥

रौद्र नामक संवत्सर में मध्यम वर्षा होने से धान्यादि फसलों का उत्पादन भी सामान्य ही होगा, परिणामस्वरूप फसलों के मूल्यों में वृद्धि होगी। राजा एवं मंत्री लोग दुर्मति से युक्त होकर निर्दयी भाव से जन विरोधी निर्णय लेंगे। कुछ राष्ट्रों में कहीं स्थान विशेष पर छत्र-भंग अर्थात् शासन परिवर्तन भी सम्भावित है। जनता क्लिष्ट रोगों से ग्रस्त और त्रस्त रहेगी। यथा -

युद्धयन्ति क्षितिपतयः परस्परं हन्तुमुद्यताः सर्वे।
कोंकणदेशक्षितिपतिनिधनं तत्रैव रौद्राब्दे॥

रौद्र नामक संवत् में राजा लोग परस्पर युद्ध तथा एक -दूसरे को मारने के लिए उद्यत रहते हैं तथा कोंकण देश के राजा की मृत्यु होती है।

राजा गुरु का फल -

गुरौ नृपे वर्षति कामदं जलं महीतले कामदुग्धाश्च धेनवः।
यजन्ति विप्रा वहवोऽग्निहोत्रिणो महोत्सवं सर्वजनेषु वर्तते॥

संवत् का राजा गुरु होने पर उत्तम वर्षा होती है, गायें अधिक दूध देती हैं, अग्निहोत्री ब्राह्मण लोग यज्ञ-यागादि शुभ कार्यो के सम्पादन में निरत रहते हैं तथा प्रायः सभी के घरों में उत्सवों का आयोजन होता है।

गुरुशुक्रेन्दवोऽधीशाः सन्ति चेज्जनसौख्यदाः।

नव संवत् २०८३ में गुरु राजा होने से जनता सामान्य रूप से सुखी रहेगी।

मन्त्री मंगल का फल -

अवनिजो ननु मंत्रिपदं गतो भवति दस्युगदादिजवेदना।
जनपदेषु जयं सुखसंचयं न बहु गोषु पयो द्विजकर्म च॥

यदि संवत् का मंत्री मंगल हो तो चोरों तथा रोगों आदि से लोगों को पीड़ा होती है। जनपदों में जय तथा सुख की वृद्धि होती है, गाएं कम दूध देने वालीं होती हैं तथा ब्राह्मण लोग अपने कर्म में निरत रहते हैं।

सस्येश गुरु का फल -

सस्यपतौ सुरराजपुरोहिते सकलसौख्यकरः श्रुतिपूर्वकः।
जलधरा जलदा बहुसस्यदा रसपयांसि बहूनि वसूनि वै॥

संवत् का सस्येश यदि बृहस्पति हो तो वेद-पारायण आदि शास्त्रोचित कर्मों में रत ब्राह्मण लोगों को समस्त सुखों की प्राप्ति होती है। पृथ्वी पर सर्वत्र पर्याप्त वर्षा होने से कृषि का अधिक मात्रा में उत्पादन होता है।रस पदार्थों और दूध का बहुत अधिक उत्पादन तथा धन का आगमन होता है।

धान्येश बुध का फल -

बहुसस्ययुता पृथ्वी रसानां च महर्घता।
नीतियुक्ताः सदा भूपा बुधे धान्याधिपे सति॥

यदि संवत् में धान्येश बुध हो तो पृथ्वी बहुत प्रकार के धान्यों से परिपूर्ण रहती है किन्तु रस पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि होती है। राजा लोग नीतिपूर्वक कार्यों को करने में संलग्न रहते हैं।

मेघेश चन्द्र का फल -

चन्द्रे मेघाधिपे जाते बहुतोयप्रदा घनाः।
नन्दन्ति पार्थिवाः सर्वे प्रजानां च सुखं सदा॥

यदि संवत् में मेघेश चन्द्रमा हो तो बादल बहुत वृष्टि करने वाले होते हैं। राजा लोग प्रसन्न और आनन्द में रहते हैं तथा प्रजा हमेशा सुखी और खुश रहती है।

रसेश शनि का फल –

रविसुते रसपे रससंक्षयो न जलदा गददाश्च पयोधराः ।
अजगवां गजवाजिखरोष्ट्रहा जनपदेषु नरा न रसैर्युताः॥

यदि संवत् में रसेश शनि हो तो रस पदार्थों की हानि, वर्षा की कमी, रोगों की अधिकता तथा गाए,बकरी,हाथी, घोड़े,गदहे एवं ऊंटों के सुख की हानि होती है। जनपदों में जनता रस पदार्थों के सुख के अभाव में रहती है।

नीरसेश गुरु का फल –

हरिद्रापीतवस्तूनां पीतवस्त्रादिकं च यत्।
नीरसेशो यदा जीवः सर्वेषां प्रीतिरुत्तमा॥

संवत् में यदि नीरसेश गुरु हो तो समस्त प्राणियों की हल्दी,पीले पदार्थों,वस्तुओं तथा पीले वस्त्रों आदि के प्रयोग एवं भोग में अभिरुचि होती है।

फलेश चंद्र का फल –

यदि विधुः फलपो द्रुमराशयः फलयुता व्रतिभिः कुसुमैर्युताः।
द्विजमुखा वरभोगसमन्विता नृपतयो नयनाटनतत्पराः॥

यदि संवत् में फलेश चन्द्र हो तो वृक्षों में बहुत ज्यादा फल और फूल आते हैं। व्रति लोग अपने जीवन में फूलों और फलों का भोग एवं उपयोग करते हैं। ब्राह्मण लोग उत्तम भोग्य पदार्थों का भोग एवं उपयोग करते हैं तथा राजा लोग नीति निपुणता से व्यवहार करते हैं।

धनेश गुरु का फल –

सुमनसां च गुरुर्द्रविणाधिपो वणिजवृत्तिपराः सुखभाजनाः।
फलितपुष्पितभूमिरुहाः सदा विविधद्रव्ययुता भुवि मानवाः॥

नवीन संवत् में धनेश गुरु होने पर व्यापारी एवं फूल के कारोबारी लोग अच्छे मन से सुख का भोग करते हैं। पृथ्वी और वृक्ष फल और फूलों से पल्लवित और पुष्पित व सुशोभित होते हैं। भू-लोक वासी मनुष्य विविध द्रव्यों के सुख से सम्पन्न होते हैं।

दुर्गेश चन्द्र का फल –

गढपतिर्मृगलांछनको यदा नृपसुराज्यविलासितपौरजाः।
बहुघनेक्षुजगोरसभोगिनो नरवरा नरवर्णितविग्रहाः॥

यदि संवत् में दुर्गेश चन्द्रमा हो तो राज्य में सुव्यवस्थित शासन और प्रशासन से जनता सुखी रहती है। संवत् में बहुत वर्षा होती है परिणामस्वरूप लोग ईख, गोरस आदि रसपदार्थों का पर्याप्त उपभोग करते हुए शासकों का यशोगान करते हैं।

पौष नामक वर्ष का फल –

विष्णुधर्मोत्तरे –

आदित्यपुष्यगे चाब्दं विज्ञेयं गुरुदैवतम् ।
आतंकरहिते लोके क्षेमारोग्यसुखप्रदम् ॥

बृहस्पति के पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र में होने पर गुरुदैवत नामक पौष वर्ष होता है। पौष नामक वर्ष में संसार आतंकरहित होता है तथा सभी प्राणियों को क्षेम, आरोग्य और सुख की प्राप्ति होती है।

गर्गस्तु –

पुनर्वसुं च पुष्यं च चरेद्यदि बृहस्पतिः ।
पौषः संवत्सरः स स्यात् सर्वौषधिसमन्वितः ॥
शस्यं सम्पद्यते सर्वं सम्यग् वर्षति वासवः ।
उत्तमं क्षेमसौभिक्षं भवेद्धर्मस्तदा सताम् ॥

अर्थात् जिस संवत् में बृहस्पति पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र में विचरण करता है वह पौष नामक संवत् होता है। पौष नामक वर्ष में औषधियों एवं सभी प्रकार के धान्यों की अच्छी उपलब्धता एवं पैदावार होती है। वर्षा अच्छी होने से समाज में सर्वत्र क्षेम और सुभिक्ष होता है तथा सज्जन लोग धर्म-कर्म में संरत रहते हैं।

पौष मास में राजाओं में परस्पर शत्रुता की निवृत्ति होती है तथा अन्य लोग रोगों से पीड़ित होते हैं। यथा -

पौषे निवृत्तवैरा राजानो व्याधिपीडितास्त्वपरे ।

वशिष्ठ संहिता अ.-६, श्लोक-४

शुभकृज्जगतः पौषो निवृत्तवैराः परस्परं क्षितिपाः।
द्वित्रिगुणो धान्यार्घः पौष्टिककर्मप्रसिद्धिश्च॥

पौष नामक वर्ष में संसार में सामान्यतया सभी लोगों को शुभ फलों की प्राप्ति होती है। राजा लोग परस्पर द्वेष का त्याग कर देते हैं। सभी धान्यों अनाजों के मूल्यों में द्विगुणित या त्रिगुणित वृद्धि होती है तथा पौष्टिक कार्य सिद्धि को प्राप्त करते हैं।

प्रशान्तव्याधिदुर्भिक्षदुर्वर्षाशनितस्करः।
सर्वलक्षणसम्पन्नः पौषः संवत्सरोत्तमः॥

पौष संवत् में व्याधियों, अकाल, दुर्भिक्ष,दुर्वृष्टि और चोरों का भय समाप्त हो जाता है। अतः सभी शुभ लक्षणों से युक्त पौष नामक संवत् को समस्त संवत्सरों में उत्तम संवत् कहा गया है।

निवृत्तवैराः क्षितिपाः जगदानन्दकारकाः।
पुष्टिकर्मरताः सर्वे पौषेऽब्देऽध्वरतत्पराः॥

पौष नामक वर्ष में राजा लोग वैर रहित हो जाते हैं। संसार में आनन्द व्याप्त हो जाता है। सभी लोग पौष्टिक कार्यों के निर्माण में रत तथा यज्ञादि शुभ कार्यों के सम्पादन में तत्पर रहते हैं।

पौषेऽब्दे सुखिनः सर्वे गुरुपूजारताजनाः।
क्षेत्रं सुभिक्षमारोग्यं वृष्टिः कृषकसम्मता॥

पौष नामक वर्ष में सभी लोग सुखी और प्रसन्न रहते हुए सभी बड़े एवं गुरुजनों की पूजा में रत रहते हैं। खेती द्वारा अच्छा उत्पादन होने से सुभिक्ष और आरोग्य रहता है तथा वृष्टि किसानों के मनोनुकूल होती है।

रोहिणी वास -

नव विक्रम संवत् 2083 में मेष संक्रान्ति का प्रवेश शतभिषा नक्षत्र में होने से कुछ आचार्यों के मत से रोहिणी का वास समुद्र में तथा अन्य कुछ आचार्यों के मत से सन्धि पर रहेगा।

रोहिणी वास का फल -

नव विक्रम संवत् २०८३ में रोहिणी का पतन समुद्र में होने से समुद्र के तटवर्ती क्षेत्रों में समुद्री- तूफान, भयंकर चक्रवात,तीव्र वायु वेग, भारी वर्षा तथा बाढ़ आदि से बहुत बड़े भूभाग पर भारी हानि प्रदायक प्रलयकारी स्थितियां उपस्थित होंगी, किन्तु अच्छी पर्याप्त वर्षा के कारण कुछ भूभाग फल, फूलों, नाना-विध धान्यों, फसलों की अच्छी पैदावार से पल्लवित और पुष्पित रहेगा। यथा -

यदि समुद्रगता शशिवल्लभा बहुजलैर्धरणीपरिपूजिता।
समुद्रे तु महावृष्टिः ।
समुद्रभेऽतिवृष्टिःस्यात् ।
यथा पयोनिधि स्थले गतो विरञ्चिभं तदा।
अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्यवर्द्धनम् ॥

मतांतर से नवीन विक्रम संवत् २०८३ में रोहिणी वास सन्धि पर होने से सामान्यतया बहुत से स्थानों पर विशेषकर वर्षा ऋतु में अनियमित व असमान रूप से अनुपयोगी खंड वृष्टि होती है तथापि धान्यादि फसलों की अच्छी पैदावार होती है। यथा –

"खण्डवृष्टिः सन्धिषु"।

"सन्धिगतादलवृष्टिदा"।

"सन्धिभे खण्डवृष्टिः स्यात्"।

सन्धिसंस्थं यदाब्राह्मभं जायते।

खंडवृष्टिस्तदासर्वधान्याप्तयः॥

संवत् का वास –

नव विक्रम संवत् २०८३ में रोहिणी वास समुद्र में होने से इस वर्ष संवत् का वास माली के घर तथा मतांतर से रोहिणी का वास सन्धि में होने से समय का वास वैश्य के घर में रहेगा।

संवत् वास का फल –

विक्रम संवत् २०८३ का वास माली के घर होने से सभी धान्यों व वस्तुओं की अच्छी उपलब्धता होने से मूल्यों में कमी होती है। यथा–

सर्ववस्तुसमर्घं स्यान्मालाकारगृहेऽब्दके।

मतांतर से नव विक्रम संवत् में समय का वैश्य (वणिज्) के घर पर होने से इस वर्ष व्यावसायिक क्षेत्र में विभिन्न नए नियमों, योजनाओं और व्यवस्थाओं का सृजन होगा, जिससे जनता में असन्तोष व्याप्त होगा। व्यापारी लोगों द्वारा वस्तुओं के अनावश्यक और अधिक संग्रह से समाज में मंहगाई बढने के कारण जनता दुःखी और परेशान रहेगी। यथा –

सर्वधान्यं महर्घं स्याद्वणिग्वेश्मनि संस्थिते।

संवत् का वाहन –

संवत् २०८३ का राजा गुरु होने के कारण नूतन संवत् का वाहन नौका तथा मतांतर से चातक होगा। यथा –

भौमेज्यौ नावकः ।

संवत् वाहन का फल –

संवत् का वाहन नौका होने पर सर्वत्र धन– धान्यों के उत्पादन एवं उपलब्धता की न्यूनता तथा आततायियों दुष्ट लोगों के आतंक तथा भय से जनता भ्रमित होकर इधर–उधर भ्रमण करती है। चौपायों वाहनों , पशुओं की चोट– रोग आदि से क्षति तथा अधिकतम फसलों एवं फलों की पैदावार में कमी रहने के कारण जनता दुखी और भ्रमित रहती है। यथा –

जनता भ्रमिता सर्वाश्चतुष्पदाः प्रपीडिताः।

विफला सकला धात्री नौकावाहनवत्सरे॥

मतांतर से समय का वाहन होने से इस संवत् में जनता वर्षा की न्यूनता एवं उपभोग्य उत्पादनों की कमी तथा मंहगाई से परेशान रहेगी।

सुबुध्नादि द्वादश नागों में नाग विचार –

नव विक्रम संवत् 2083 में सुबुध्नादि द्वादश नागों में से तक्षक नामक नाग होगा।

तक्षक नाग का फल –

जिस संवत् में तक्षक नामक नाग का उद्भव होता है उस संवत्सर में मध्यम वर्षा होती है तथा जनता और राजाओं में विग्रह एवं प्रजा की मृत्यु दर में निश्चित रूप सेअप्रत्याशित वृद्धि होती है। यथा –

"तक्षके मध्यमा वृष्टिर्विग्रहो मरणं ध्रुवम्"।

अथवा

तक्षकाभिधनागेन्द्रो जायते यत्र वर्षके ।
तत्रमध्यमवृष्टिः स्याद्विग्रहो नृपतेर्मतिः ॥

चतुर्मेघ विचार -

रौद्र नामक नव विक्रम संवत्सर २०८३ में आवर्तकादि चतुर्मेघों मे से इस वर्ष पुष्कर नामक मेघ रहेगा।

पुष्कर मेघ का फल -

पुष्कर नामक मेघ होने पर अल्प अर्थात् चित्रित मेघ, चित्र वृष्टिपात, चित्रशस्यवृद्धि और चित्र - विचित्र विश्व की स्थिति होती है अर्थात् वृष्टि एवं उपज आदि सभी की चित्र - विचित्र स्थिति एवं न्यूनतम उपलब्धि होती है।यथा -

"पुष्करो मन्दवृष्टिः"। "पुष्करे मध्यमं तोयम्।"
"पुष्करे चित्रिता वृष्टिः"।

अथवा

पुष्करे चित्रितं विश्वं चित्रिता जलदाः सदा ।
चित्रिता तु भवेद्वृष्टिः शस्यवृद्धिस्तु चित्रिता ॥

नवमेघ विचार -

नव विक्रम संवत् २०८३ में नव मेघों में से काल नामक मेघ होगा।

काल नामक मेघ का फल -

काल नामक मेघ होने पर सामान्य रूप से सम्पूर्ण वर्ष पर्यन्त अल्प वृष्टि होती है। यथा -


"अल्पवृष्टिश्च काले स्यात्"।

अर्थात् नूतन संवत् में काल नामक मेघ होने पर स्वस्थ और अच्छे लोग रोग, पीड़ा, कष्ट से व्याकुल हो जाते हैं। राजाओं में परस्पर विरोध, विग्रहऔर कलह होता है तथा वर्षा की कमी व अनावृष्टि के कारण जनता स्थनान्तरण के लिए विवश हो जाती है। सरकारी तंत्र जल की पर्याप्त आपूर्ति करने में असफल रहता है।इस संवत् में विविध प्राकृतिक आपदाओं, प्रकोपों समुद्री - तूफान, चक्रवात, वायु वेग, भूकम्प, भूस्खलन आदि से विशेषकर पहाड़ी राज्यों की जनता का जीवन अत्यधिक क्षति से व्यथित और त्रस्त रहेगा।यथा -

रोगतो विकलतावपुष्पतांस्यान्मिथः कलहताक्षमाभृताम्।
कालनामजलदोदयो यदा नैव वर्षति जलंवृषातदा ॥


विक्रम शुभ सम्वत् २०८३ की वर्ष प्रवेशकालीन एवं जगत्-लग्न कुण्डलियाँ-

नववर्षप्रवेश-कुण्डली



१९ मार्च, सन् २०२६ ई., ०६ घं. ५३ मि. (भा.मा.स.)

जगल्लग्न-कुण्डली



०४ अप्रैल, सन् २०२६ ई., ०९ घं. ३१ मि. (भा.मा.स.)

गत सिद्धार्थ नामक विक्रम संवत् २०८२ की समाप्ति के अनन्तर रौद्र नामक विक्रम संवत् २०८३ का प्रवेश १९ मार्च, २०२६ ई. गुरुवार तदनुसार चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या अर्थात् चौत्र मास ६ प्रविष्टे को प्रातः व ६:५३ पर उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल नामक योग, मीन राशिस्थ चन्द्र

के समय द्विस्वभाव संज्ञक मीन लग्न में होगा। नव रौद्र नामक विक्रम संवत् २०८३ में वासान्तिक नवरात्रों का प्रारम्भ भी १९ मार्च, २०२६ ई. गुरुवार को ही होगा। नव विक्रम संवत् २०८३ में वासान्तिक चैत्र नवरात्रे १९ मार्च, २०२६ ई. से २७ मार्च,२०२६ ई. तक हैं। शास्त्रानुसार इस रौद्र नामक विक्रम संवत् में श्री राम नवमी का पुण्य पर्व २६ मार्च, २०२६ ई. को तथा श्री दुर्गा नवमी पर्व २७ मार्च, २०२६ ई. को मनाया जाएगा।

नवरात्र के प्रथम दिन अर्थात् नवसंवत्सर चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन किसी योग्य विद्वान द्वारा विधिपूर्वक घटस्थापन, सम्वत्सर पूजन एवं श्री गणेश, विष्णु, शिव और देवी दुर्गा पूजन करने का शास्त्रों में विशेष महात्म्य प्रतिपादित है। इस दिन सम्पूर्ण अग्रिम नवीन सम्वत्सर के मंगलमय यापन हेतु विद्वान् ब्राह्मणों का विधिपूर्वक पूजन एवं सम्मान कर, उन्हें विविध प्रकार के दानों से सन्तुष्ट एवं प्रसन्न कर, नानाविध पक्वान्नों, फलों और मिठाईयों आदि का भोजन करवाकर उनके मुखारविन्द से परिवार के समस्त सदस्यों को संवत् का नाम, संवत् का वास, राजा और मन्त्री आदि का फल श्रवण करने का विधान भी शास्त्रोल्लिखित है, जो बुद्धिमान व्यक्ति चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को सम्वत्सर का पवित्र फल सुनता है वह धनाढ्य और बहुत अन्न वाला होता है तथा वर्ष भर के लिए उसके शरीर की समस्त पीड़ाएँ (व्याधियाँ) नष्ट हो जाती हैं। शाके को सुनने से मनुष्य को पुण्य प्राप्त होता है, सम्वत्सर से सम्पत्तिवान् होता है, संवत् के राजा का फल सुनने से राजकुल में विजय होती है, मन्त्री का फल बुद्धि देता है, धनाधिप से धान्य, रसाधिप से रस तथा सस्येश से समस्त सुख मिलते हैं। अत: सिद्धिदायक सम्वत्सर के फल को अवश्य सुनना चाहिए।

नव विक्रम संवत् २०८३ में ग्रहों की आकाशीय परिषद् के दस पदाधिकारों में से राजा के पद का अधिकार सर्वाधिक शुभ ग्रह देव गुरु बृहस्पति को प्राप्त है तथा मंत्री पद के नेतृत्व का अधिकार गुरु के नैसर्गिक मित्र अर्थात् ग्रह परिषद् के नैसर्गिक सेनापति सर्वाधिक क्रूर ग्रह भौम को प्राप्त है। इन दोनों प्रमुख राजा और मंत्री के अतिरिक्त सस्येश, नीरसेश, धनेश तीन महत्वपूर्ण पदों के नेतृत्व का अधिकार नव विक्रम संवत् के राजा गुरु ग्रह, मेघेश, फलेश एवं दुर्गेश तीन महत्वपूर्ण पदों के नेतृत्व का अधिकार चंद्र ग्रह, धान्येश के पद का अधिकार बुध तथा रसेश पद के नेतृत्व का अधिकार सर्वाधिक पापी ग्रह शनि को प्राप्त है।

उपर्युक्त ग्रह परिषद् के विवेचन से यह स्पष्ट है कि नव विक्रम संवत् २०८३ में ग्रह परिषद् के मुख्य १० पदाधिकारों में से ०८ पदों के नेतृत्व का अधिकार शुभ ग्रहों को तथा ०२ पदों के नेतृत्व का अधिकार पाप ग्रहों को प्राप्त है। इस प्रकार नव रौद्र नामक विक्रम संवत् २०८३ में ग्रह परिषद् के शाश्वत राजा भुवन भास्कर सूर्य तथा शाश्वत मंत्री दैत्य गुरु शुभ ग्रह शुक्र को किसी भी पद के नेतृत्व का अधिकार प्राप्त नहीं हुआ है।

नव रौद्र नामक विक्रम संवत् २०८३ में राजा सहित सस्येश, नीरसेश तथा धनेश आदि प्रमुख ०४ पदों के नेतृत्व का अधिकार ग्रह कौंसिल के शाश्वत मंत्री सर्वाधिक शुभ ग्रह देव गुरु बृहस्पति को प्राप्त होने के परिणामस्वरूप समाज में ब्राह्मण एवं धर्म परायण आस्तिक लोग वेद विहित यज्ञ,हवन,जाप,दान,धर्म आदि शुभ कार्यों में संलग्न रहेंगे जिससे सामाज में धर्म परायणता बढ़ेगी तथा जनता में सुख, शांति और कल्याण की भावना पनपेगी। उच्च वर्ग के श्रेष्ठ एवं राजा लोग बड़े-बड़े भव्य एवं दिव्य उत्सव व समारोहों के आयोजनों में निरत रहेंगे। भारत-चीन, अमरीका-ईरान, रूस-अमरीका अथवा इजरायल-ईरान आदि परस्पर विरोधी देशों के मध्य अनेकों शान्ति वार्ताएं आयोजित होंगी।समाज के राजा लोग तथा अन्य उच्च स्तरीय साम्भ्रान्त लोग सुन्दर घर, भूमि, वाहन तथा अन्य भौतिक सुख संसाधनों से सम्पन्न रहेंगे। सरकार की ओर से तकनीकी, खेल, योग, न्याय, विज्ञान, भारतीय ज्ञान परम्परा आदि विविध शैक्षणिक क्षेत्रों में योजनाबद्ध रूप से पर्याप्त सुधार किए जाएंगे। किसानों

एवं कृषि से सम्बन्धित व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को अच्छी मात्रा में लाभ प्राप्त होगा। सोना, चांदी, तांबा, कांस्य और पीतल आदि धातुओं तथा नीलम, पुखराज, माणिक, मूंगा, हीरा, पन्ना और मोती आदि रत्नों के मूल्यों में वृद्धि होगी। हल्दी, दालों तथा सब्जियों और फलों के मूल्यों में भी वृद्धि होगी। लोगों द्वारा समय समय पर राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आदि यौगिक समागम कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गौ दुग्ध, दहीं, मक्खन और घृत आदि के अच्छे उत्पादन से जनता सुखी तथा व्यवसायी लोग अधिक सम्पन्न, समृद्ध और प्रसन्न रहेंगे।

मंत्री पद का नेतृत्व क्रूर ग्रह मंगल को प्राप्त होने के कारण भारत देश सहित विश्व के अनेक देशों में सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक वातावरण विक्षुब्ध, तनावपूर्ण, अनिश्चित, असंतुलित एवं अशान्त रहेगा।विश्व के अनेक देशों के मध्य विद्रोह, उपद्रव, आतंकवाद, टकराव एवं प्रतिद्वन्दिता आदि की प्रवृत्तियां बढेंगी। अधिकांश राजनेता एवं अधिकारी लोग जनता को को अपने निरंकुश, उदंड, उच्छृंखल एवं मनमाने व्यवहार से दु:खी करेंगे। जनता में रक्त से सम्बंधित विकारजन्य विविध रोगों का प्रादुर्भाव होगा तथा काम, क्रोध, लोभ, ईष्या, उत्तेजना, आक्रामकता, और उदंडता, उच्छृंखलता और धन- लोलुपता आदि की प्रवृत्तियां बढेंगी।सामाज में चोरी, डकैती, खून-खराबा, रक्तपात, लूटमार, हिंसा, उपद्रव, व्यभिचार, बलात्कार, मारपीट, झगड़े, साम्प्रदायिक हिंसा, तनाव तथा साइबर ठगी, डकैती आदि की घटनाएं घटित होंगी। पृथ्वी के अनेक परस्पर विरोधी देशों की भौगोलिक सीमाओं तथा देश के कुछ क्षेत्रों विशेष में युद्ध, रक्तपात की स्थितियां निरन्तर बनी रहेंगी। रसयुक्त फलों, वनस्पतियों और फसलों का उत्पादन न्यून होने से उनके मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि होने से जनता दु:खी एवं असंतुष्ट रहेगी। रसेश पद के नेतृत्व का अधिकार पाप ग्रह शनि को प्राप्त होने के कारण उपभोग्य वस्तुओं के उत्पादन में कमी तथा उनके मूल्यों में आशातीत वृद्धि होने से सामान्य जनता असन्तुष्ट एवं दु:खी रहेगी। लोगों एवं परिवारों में परस्पर निरसता अर्थात् प्रेम भावना, स्नेह और सौहार्दपूर्ण वातावरण का आभाव रहेगा।देश के विभिन्न राज्यों में वैश्विक उष्णता एवं वायुमंडलीय विषमता के कारण वर्षा की अनियमितता से फसलों के उत्पादन में कमी तथा उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि होने से सामान्य जनता दु:खी एवं परेशान रहेगी।

नव रौद्र नामक संवत् २०८३ में धान्येश पद का अधिकार सौम्य ग्रह बुध को प्राप्त होने से भारत देश के कुछ उत्तर क्षेत्रीय राज्यों में उपयोगी वर्षा की न्यूनता तथा कुछ राज्यों में पर्याप्त मात्रा में उपयोगी वर्षा होने से धान्यादि फसलों का उत्पादन अच्छी मात्रा में होगा।नव संवत् में फलेश चन्द्र होने से कुछ प्रदेशों में फल, फूल,धान्य फसलों की अच्छी पैदावार होगी। उपभोग्य एवं भौतिक सुख-संसाधनों तथा सुरक्षा एवं सुविधाओं के साधनों में वृद्धि होगी। दूरसंचार एवं वैश्वीकरण के संसाधनों, यन्त्रों, उपकरणों एवं उद्योगों आदि का नवीनीकरण एवं प्रयोग में अद्‌भुत प्रगति होगी। इसके साथ चन्द्र ग्रह को ही दुर्गेश पद के नेतृत्व का अधिकार प्राप्त होने से प्रशासक लोग अच्छे सौम्य व्यवहार से जनता की समस्याओं के समाधान तथा राज्य के सर्वविध विकास एवं सभी के सुखी व मंगलमय जीवन हेतु अच्छी व्यवस्थाओं को बनाने एवं उनके उपयोग में लगे रहेंगे।विश्व अनेक देशों एवं राज्यों में परस्पर एवं आन्तरिक युद्ध, तनाव एवं टकराव आदि विभत्स कार्यों के कारण भारी जन-धन की हानि भी होगी। विशेषत: रौद्र नामक संवत् होने से अनेक राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्ष एवं राजा तथा मन्त्री निर्दयतापूर्वक जन विरोधी निर्णय लेंगे जिससे जनता को पीड़ा,दु:ख एवं कष्ट होगा। पृथ्वी पर अनेक प्रकार के क्लिष्ट रोगों एवं प्राकृतिक आपदाओं अग्नि, जलप्रलय, भूकम्प, भूस्खलन आदि के कारण भयंकर जन -धन हानि संभावित है।

नववर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न कुंडली के अनुसार भविष्य

फल-विक्रम संवत् २०८३ का प्रवेश चैत्र मास की अमावस्या की समाप्ति १९ मार्च,२०२६ ई.को प्रातः ०६:५३ मिनट पर उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में अर्थात् मीन राशिस्थ चन्द्र के समय द्विस्वभाव संज्ञक मीन लग्न में होगा।नव संवत् में वर्ष लग्नेश गुरु की चतुर्थ भाव केन्द्र में शत्रु राशि में स्थिति तथा लग्न में सूर्य और शनि परस्पर विरोधी क्रूर ग्रहों की स्थिति होने से विश्व अथवा एशिया के किसी प्रमुख नेता की पदच्युति अथवा छत्र भंग योग सम्भव है। संवत् प्रवेश कुण्डली के द्वादश भाव में मंगल और राहु की क्रूरतम युति द्वारा अंगारक योग बनने से विश्व के अधिकतम देशों के मध्य निरन्तर परमाणु एवं विध्वंसक हथियारों के संग्रह की प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी। किसी प्रतिष्ठित नेता द्वारा लिए गए विस्तारवादी एवं अनैतिक निर्णयों के कारण विश्व शांति के प्रयासों एवं व्यवस्था में व्यवधान समुपस्थित होगा तथा पश्चिमी एवं दक्षिणी एशियाई भाग के इजरायल, फिलीस्तीन, ईरान, लेबनान और पाकिस्तान आदि देशों के मध्य विध्वंसक युद्ध, अग्निकाण्ड, हिंसक आंदोलन, आतंकवादी एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने की सम्भावनाएं हैं। गोचर में २अप्रैल,२०२६से१०मई,२०२६ तक लग्न में मंगल और शनि की युति होने से युद्ध, दुर्भिक्ष, अकाल, राज्यभंग, छत्रभंग, आकस्मिक अग्नि जनित दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं तथा गम्भीर रोगों से जन समुदाय की हानि तथा धान्य फसलों की न्यूनता तथा महंगाई से जनता दुखी और पीड़ित रहेगी। यथा -

भौमसौरीश्चैकराशौ द्वयो स्थिते।

दुर्भिक्षं राज्यभंगं च मेदिन्यामग्नितो भयम्॥

वर्ष प्रवेश कुण्डली के सप्तम भाव में कन्या राशि होने तथा उस पर क्रूरतम मंगल,शनि और सूर्य आदि की पूर्ण दृष्टि होने से वैश्विक पटल पर पश्चिम एशिया के देशों विशेषकर मुस्लिम देशों द्वारा युद्धजन्य घटनाओं के कारण उथल-पुथल बनी रहेगी। परन्तु विश्व में राजनीति एवं आर्थिक स्तर पर उत्पन्न तनाव एवं संघर्ष जन्य परिस्थितियों के बावजूद वैश्विक पटल पर भारत देश के संयम एवं धैर्य की प्रशंसा की जाएगी।

मीनलग्ने दक्षिणस्यां सुखी लोकोन्नसंग्रहः।

मध्यदेशे धान्यनाशश्छत्रभंगःक्वचिद्भवेत्।

वर्ष प्रवेश मीन लग्न में होने से दक्षिणी राज्यों एवं क्षेत्रों में जनता सुखी रहेगी तथा लोग अन्न का संग्रह करेंगे। विश्व के कुछ राष्ट्रों एवं राज्यों के मध्य क्षेत्रों में धान्यादि फसलों की हानि तथा कहीं -कहीं छत्रभंग भी सम्भावित है।

नव रौद्र संवत् २०८३ में वर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न दोनों कुंडलियों में मीन राशिस्थ शनि ग्रह की स्थिति होने से सामान्य रूप से इस संवत् में सर्वत्र दुर्भिक्ष अकाल की स्थिति बनी रहेगी। जनता दुखी रहेगी तथा पशुओं की हानि होगी।अन्न- धान्यों आदि फसलों के विनाश तथा महंगाई से जनता दुखी रहेगी।यथा -

शनौ गते मीनराशौ दुर्भिक्षं च समं भवेत्।

मानवानां भवेत्पीडा पशूनां चैव नाशनं ।

महर्घं जायते सस्यं धान्यानां च क्षयं भवेत् ॥

नव संवत् के आरम्भ अर्थात् १९ मार्च, २०२६ से गुरु ग्रह मिथुन राशि में, १ जून, २०२६ से गुरु ग्रह कर्क राशि में तथा ३१ अक्टूबर, २०२६ को गुरु ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करेंगे तथा वक्री गति से पुनः २४ जनवरी, २०२७ को कर्क राशि में गोचर करेंगे।इस प्रकार संवत् २०८३ में गुरु ग्रह मार्गी और वक्री गति से मिथुन, कर्क और सिंह तीन राशियों में संचार करेंगे।

संवत् २०८३ में गुरु ग्रह के मिथुन एवं कर्क राशि में संचरण करने से जनता को अनावृष्टि,प्रजा की हानि,दुर्भिक्ष,अकाल, भुखमरी , देशभंग , छत्रभंग, महंगाई आदि अशुभ फलों की प्राप्ति होगी तथा सिंह राशि में संचरण के समय में सुभिक्ष होगा ,अच्छी वर्षा होगी तथा प्रजा

सुखी और प्रसन्न रहेगी।

यथा –

अनावृष्टिः प्रजानाशो रौरवं मिथुने गुरौ।
कर्के गुरावनावृष्टिर्देशभंगो महर्घता ॥
सिंहे गुरौ सुभिक्षं च सुवृष्टिश्च प्रजासुखम्।

जगत् लग्न कुंडली के आधार पर भविष्य फल –

जगत् लग्न कुंडली का प्रवेश १४ अप्रैल, २०२६ मंगलवार को प्रातः ०९:३१ बजे पर स्थिर संज्ञक वृष लग्न में होगा। संवत् २०८३ में जगत् लग्न कुंडली में लग्न पर किसी भी शुभ ग्रह की स्थिति, युति एवं दृष्टि न होने तथा भौम युत शनि ग्रह की पूर्ण दृष्टि होने से धन-धान्य आदि की अच्छी मात्रा में वृद्धि और समृद्धि न होने से समान्यतया यह वर्ष सम्पूर्ण विश्व के लिए पीड़ादायक, दुःखदायक, भयप्रद, दुर्भिक्ष-अकालदायक, अग्निकांड, आंधी-तूफान, प्राकृतिक आपदा प्रदायक, जलप्रलय,महामारी, आतंकवाद, उग्रवाद आदि अशुभ फलों को देने वाला सिद्ध होगा।लग्नेश शुक्र ग्रह की व्यय भाव उच्च के सूर्य के साथ स्थिति तथा एकादश (लाभ) भाव में धनेश और पंचमेश नीचस्थ बुध ग्रह के साथ अधिकतम क्रूर ग्रहों मंगल और शनि की युति है। अतः उपरोक्त ग्रह स्थिति के आधार पर नव संवत् २०८३ में विश्व के अधिकांश देशों की आन्तरिक सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक,राजनीतिक स्थिति अच्छी नहीं होगी। पश्चिम एशिया के देशों में हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। विशेषकर अमेरिका, रूस, यूक्रेन, ईरान, ईराक, ग्रीस, सीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि विभिन्न देशों में आन्तरिक स्थितियां एवं परिस्थितियां तनावपूर्ण, अस्थिर, विक्षुब्ध, परेशानीदायक, पीड़ादायक, अशांतिपूर्ण एवं कष्टप्रद रहेंगी।

वर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न दोनों कुंडलियों में सामान्यतया सभी ग्रह राहु और केतु के मध्य में स्थित होने से वर्तमान संवत् खाड़ी एवं मुस्लिम देशों के लिए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से अशुभ फलदायक सिद्ध होगा। कुछ देशों में शासन या सत्ता परिवर्तन भी संभावित है। युद्धोन्मुखी एवं विस्तारवादी विषयुक्त वातावरण के कारण सम्पूर्ण विश्व के समक्ष भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक दृष्टि से अनिश्चितता और असमंजस की स्थितियां-परिस्थितियां उत्पन्न होंगी तथा देश एवं विश्व में बढ़ता आतंकवाद और उग्रवाद पर नियंत्रण रखना सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होगा अतः ऐसी समस्याओं के समाधान हेतु बहुत से राष्ट्रों के सामूहिक प्रयास द्वारा वैश्विक स्तर पर कोई रणनीति बनाना निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। वैश्विक स्तर पर वस्तुओं की मांग व आयात और निर्यात में कमी होने से आर्थिक मंदी का वातावरण बनेगा। संवत् के सितंबर और अक्टूबर माह के मध्य सूर्य और शनि में परस्पर समसप्तक योग बनने से विश्व में परस्पर अनेक देशों के मध्य स्थल सेना एवं वायु सेना द्वारा युद्ध किया जा सकता है तथा खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में भी अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

जातक के जन्मलग्न से द्वादश भावों में जगत् लग्न का सामान्य फल-

१. प्रथम भाव में शरीर सुख
२. द्वितीय भाव में धनागम
३. तृतीयभाव में कुटुम्ब-वृद्धि व पारिवारिक सुख
४. चतुर्थ भाव में मित्र-सुख, बन्धुसुख
५. पञ्चम भाव में संतति सुख
६. षष्ठ भाव में शत्रु पराजय
७. सप्तम भाव में स्त्री सुख
८. अष्टम भाव में रोगभय, मृत्युभय
९. नवम भाव में धर्म-कर्म में प्रवृत्ति
१०. दशम भाव में धन, पद व सम्मान प्राप्ति

११. एकादश भाव में लाभ व सुख-साधनों की प्राप्ति
१२. द्वादश भाव में कष्ट व आर्थिक संकट

शनि पाया (पाद) विचार -

शनिदेव के राशि प्रवेश के समय यदि चन्द्रमा १, ६, ११भाव में हो तो स्वर्ण-पाद, यदि २, ५, ९ भाव में हो तो रजत -पाद, यदि ३, ७, १० भाव में हो ताम्र -पाद तथा यदि चन्द्र ४, ८, १२ भाव में हो तो लौह-पाद होता है।

शनि पाया फल विचार -

उपरोक्त पाया विचार के आधार पर नव संवत् २०८३ में मेषादि द्वादश राशियों पर सुवर्णादि पाया निम्न प्रकार से रहेगा। यथा -

१. मेष, सिंह तथा धनु राशियों पर लौह-पाद अशुभ फलदायक रहेगा।
२. मिथुन, कन्या तथा मकर राशियों पर ताम्र का पाया, यह शुभ फलदायक रहेगा।
३. वृष, तुला तथा मीन राशियों पर सुवर्ण -पाद मिश्रित फलदायक रहेगा।
४. कर्क, वृश्चिक तथा कुम्भ राशियों पर रजत-पाद शुभ फलदायक रहेगा

शनि की साढ़ेसाती एवं ढैय्या का फल-

गोचर में जब शनि जिस जातक की जन्मराशि से बारहवीं राशि में प्रवेश करता है तब तत्सम्बन्धी जातक को साढ़ेसाती प्रारम्भ होती है। शनि मध्यमगति से एक राशि में ढाई वर्ष रहता है। वास्तव में जब शनि जातक की राशि पर या उसकी राशि से अग्रिम या पृष्ठस्थ राशियों पर गोचरीय भ्रमण करता है तब जातक पर शनि का शुभ और अशुभ प्रभाव भारी मात्रा में पड़ता है। शनि मध्यममान से एक राशि में अढ़ाई वर्ष रहता है। इस प्रकार जातक की राशि और उसकी राशि से पृष्ठीय तथा अग्रिम निकटस्थ राशियों में शनि स्थिति का प्रभाव अधिकतम साढ़े सात वर्ष तक रहता है। शनि का साढ़ेसात वर्ष तक प्रभाव होने के कारण ही इसे शनि की साढ़ेसाती कहते हैं। संस्कृत में इसे बृहत्-कल्याणी, मराठी में बड़ी पनोति कहते हैं। जन्मराशि से गोचरीय भ्रमण में बारहवां शनि शिर पर, जन्मराशि का शनि हृदय या छाती पर तथा दूसरा शनि पांवों पर आया हुआ कहा जाता है। इन राशियों का शनि अत्यन्त दुष्ट एवं नीच लोगों से नाना प्रकार के कष्ट-पीड़ा एवं क्लेशदायक, पुत्र और पशुओं को पीड़ादायक, वाहनादि की हानि, रोग, मृत्यु, विदेशगमन, धन समृद्धि का विनाश, पति-पत्नी के परस्पर सुख का अभाव, राजभय, बन्धन और अन्यसुखों का अभाव करने वाला होता है।

द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः ।
सार्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुःखैर्युतो भवेत् ॥

शनि ग्रह जब जिस जातक की जन्मराशि से चौथी या आठवीं राशि में गोचरीय भ्रमण से प्रवेश करता है तब तत्सम्बन्धी जातक को शनि की क्रमशः चतुर्थस्थ एवं अष्टमस्थ ढैय्या प्रारम्भ होती है। इस प्रकार की शनि स्थिति का अशुभ प्रभाव भी जातक पर भारी मात्रा में पड़ता है। संस्कृत में इसे लघुकल्याणी तथा गुजराती व मराठी में छोटी पनोति कहते हैं। राशि से चौथी एवं आठवीं राशि में गोचरीयभ्रमण करने वाला शनि व्याधि, रोग, कष्ट, दुःख, पीड़ा, परेशानी, मृत्यु, अग्नि और शस्त्रभय, प्रदेशगमन, क्लेश एवं चिन्ता तथा भाई-बन्धुओं के साथ विरोध उत्पन्न करने वाला होता है।

लघुकल्याणी प्रददाति वै रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टमे,
व्याधिं बन्धुविरोधं विदेशगमनं, क्लेशं च चिन्ताधिकम् ॥

शास्त्रों में तथा लोकव्यवहार में शनि की साढ़ेसाती एवं ढैय्या का फल बहुत ही दुःखदायक एवं अनिष्टकारी माना गया है परन्तु यह सत्य नहीं है। शनि जातक की जन्मकुण्डली में अपनी विशेष स्थिति, दृष्टि,

युति एवं अन्य ग्रहों से सम्बन्ध के आधार पर ही अच्छा और बुरा फल देता है।

जातक की जन्मकुण्डली में शनि और चन्द्रमा यदि पापयुक्त, पापदृष्ट या पापकर्त्री योग में न हो तथा शनि अपनी मित्रराशि, स्वराशि मूलत्रिकोण राशि या उच्चराशि का होकर प्रशस्त ३, ६, ११ भावों में स्थित हो तथा महादशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशा, गोचर एवं अन्य शुभ योगकारक ग्रहों के आधर पर श्रेष्ठ समय चल रहा हो तो साढ़ेसाती एवं ढैय्या का अशुभ एवं अनिष्टकारी प्रभाव या तो होता ही नहीं है या बिल्कुल न्यूनतम होता है। शनि केन्द्रेश, त्रिकोणेश आदि के आधार पर शुभ या राजयोग कारक होकर शुभ भावों में स्थित हो या उसका अन्य उच्चादि राशियों में स्थित राजयोग कारक, शुभ एवं मित्र ग्रहों के साथ शुभ सम्बन्ध हो तथा गोचर में भी शुभप्रभाव युक्त हो तो साढ़ेसाती या ढैय्या जातक को विपुल धन-धान्य, राजसी सुख एवं मान-सम्मान, ख्याति, पद-प्रतिष्ठा, वैभव सब कुछ प्रदान करने वाली होती है।

वि. संवत् २०८३ में शनिदेव मीन राशि के उत्तराभाद्रपद आरै रेवती नक्षत्र में संचार करेंगे। शनिदेव संवत् के प्रारम्भ अर्थात् २० मार्च, २०२६ ई. से मार्गी गति से, २६ जुलाई, २०२६ ई. से वक्री गति से तथा १० दिसम्बर, २०२६ ई. से मार्गी होकर रौद्र नामक संवत् की समाप्ति पर्यन्त मीन राशि में संचरण करेंगे

नव विक्रम सम्वत् २०८३ में मीन राशिस्थ शनिदेव के कारण कुम्भ, मीन और मेष राशि वाले जातक-जातिकाओं पर शनि की साढ़ेसाती तथा सिंह और धनु राशि वाले जातक-जातिकाओं पर शनि ढ़ैय्या का शुभाशुभ प्रभाव रहेगा। मीन राशिस्थ शनि-साढ़ेसाती एवं ढ़ैय्या फल विचार-

(क) नव विक्रम सम्वत् २०८३ में कुम्भ शशि वाले जातकों को साढ़ेसाती पाँव पर उतरती हुई अर्थात् अन्तिम चरण में होगी।

(ख) मीन राशि वालों को शनि साढ़ेसाती हृदय पर स्थित अर्थात् मध्यावस्था में होगी।

(ग) मेष राशि वालों को शनि साढ़ेसाती सिर पर चढ़ती हुई अर्थात् प्रारम्भिक अवस्था में होगी।

गोचर में वक्री ग्रहों के फल के विषय में लिखा गया है-

"क्रूरा वक्रा महाक्रूराः, सौम्या वक्रा महाशुभाः॥"

अर्थात् शनि-भौमादि क्रूरग्रह वक्री होने पर महाक्रूर होने के कारण अधिकतम अशुभ फल तथा गुरु-शुक्र आदि सौम्य ग्रह वक्री होने पर महाशुभ होने के कारण अधिकतम शुभ फल देते हैं। यथा-

वक्रिणस्तु महावीर्याः शुभा राज्यप्रदा ग्रहाः।
पापा व्यसनिनां पुंसां कुर्वन्ति च वृथाटनम्॥

अर्थात् शुभ ग्रह वक्री होकर अति बलवान् हो जाते हैं तथा जातक को राज्य सुख देते हैं। इसके विपरीत पापग्रह वक्री होने पर जातक को व्यसनी (दुःखदाई) और वृथा (व्यर्थ) घूमने वाला (आवारा) बना देते हैं।

अतः नव संवत् २०८३ में जब शनि देव वक्री गति से संचरण करेंगे तब शनि के अशुभ प्रभाव से प्रभावित जातक और जातिकाओं को मानसिक, शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, पारिवारिक आदि विविध प्रकार की समस्याओं, संकटों, दुःखों, कष्टों और पीड़ाओं से ग्रस्त और त्रस्त होना पड़ेगा तथा समाज में राजनैतिक टकराव, अव्यवस्था, अत्यधिक महंगाई, गंभीर रोग, संक्रमण रोग, महामारी, भय, दुःख, उपद्रव, हिंसक घटनाएं, आतंक, अस्थिरता, असन्तोष, बाढ़, सूखा, भूकम्प, भूस्खलन, दुर्भिक्ष, अकाल आदि विविध प्रकार के प्राकृतिक प्रकोपों का भय एवं असुरक्षा का वातावरण बनेगा।

परन्तु शनि साढ़ेसाती एवं ढ़ैय्या के शुभाशुभ प्रभाव की मात्रा जातक की जन्मकुण्डली में शनि की स्थिति पर निर्भर होती है। यदि

जन्मकुण्डली में शनि नीच राशि, शत्रुराशि, अस्त, वक्री, पापाक्रान्त, पाप ग्रहों से युत या दृष्ट हो तो शनि की साढ़ेसाती एवं ढ़ैय्या का बुरा प्रभाव जातक पर अधिकतम होगा, इसके विपरीत यदि जन्मकुण्डली में शनि अपनी उच्च राशि, मूलत्रिकोण राशि, स्वराशि, मित्रराशि, मार्गी, शुभाक्रान्त, शुभग्रहों से युत या दृष्ट आदि शुभ स्थिति में हो तो शनि की साढ़ेसाती एवं ढ़ैय्या का अशुभ प्रभाव जातक पर नहीं पड़ेगा या न्यूनतम ही पड़ेगा किन्तु यदि शनि योगकारक आदि होकर षोडशवर्ग, अष्टकवर्ग एवं षड्बल आदि के आधार पर बली सिद्ध हो तो शनि की साढ़ेसाती एवं ढ़ैय्या में जातक को अप्रत्याशित सफलता और सम्पन्नता आदि अनेक शुभफलों की प्राप्ति होती है। जिन जातकों की जन्मकुण्डली में शनि पाप स्थिति या सम्बन्ध में होता है उन्हें शनि की साढ़ेसाती एवं ढ़ैय्या में मानसिक व्यथा, रोग-पीड़ा, दु:ख-कष्ट, गृह-क्लेश, चोर-भय, अग्निभय, जलभय, राजभय, राजदण्ड, पदच्युति एवं अवनति आदि अशुभफलों की प्राप्ति होती है।

गोचर में शनि ग्रह का सामान्य फल -

गोचर में शनि के परिवर्तन के आधार पर मेषादि द्वादश राशियों के जातकों को भिन्न-भिन्न शुभाशुभ फल की प्राप्ति होती है।

यदि गोचर में शनि किसी जातक की जन्मराशि अर्थात् जन्म राशि से प्रथम स्थान में हो तो मानसिक व्यथा एवं स्थान -हानि, द्वितीय में कलह -क्लेश, तृतीय में पराक्रम एवं सुख में वृद्धि, चतुर्थ में शत्रु वृद्धि, पंचम में सन्तान से पीड़ा, षष्ठ में सुख संसाधनों की वृद्धि,सप्तम में रोग व शत्रु -भय, अष्टम में दु:ख पीड़ा, नवम में सुख,दशम में निर्धनता, एकादश में धन-लाभ तथा द्वादश स्थान पर हो तो अनेक प्रकार के अनर्थो एवं अशुभ फलों की प्राप्ति होती है। यथा -

भृशं क्लेशं च शत्रुप्रवृद्धिं पुत्रसौख्यं सौख्यवृद्धिं च दोषम्।
पीडा सौख्यं निर्धनत्वं धनाप्तिं नानानर्थं भानुसूनुस्तनोति ।

शनि के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए शास्त्रों में प्रतिपादित उपायों को विधिपूर्वक सम्पन्न करने या करवाने से निश्चित रुप से लाभ होता है।

(१) शनिवासरी अमावस्या को सायंकाल में सूर्यास्त के बाद शनि पूजन, मन्त्र जाप एवं स्तोत्र पाठ करना चाहिए।

(२) प्रत्येक शनिवार को सायंकाल में शनि के बीजमन्त्रों, पौराणिक मन्त्रों या वैदिक मन्त्रों का संकल्पपूर्वक जाप करना चाहिए।

(३) शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ करना या सुनना चाहिए।

(४) शनिवार सायंकाल को पीपल वृक्ष के पास या शनि मन्दिर में तेल का दीपक जलाना चाहिए।

(५) प्रतिदिन या शनिवार को प्रातःकाल में भगवान शिव का पूजन करके, पीपल वृक्ष के समीप शनि स्तोत्र का पाठ करके कच्ची लस्सी में काले तिल डालकर वृक्षमूल में लस्सी चढ़ानी चाहिए।

(६) शनिवार का व्रत रखना चाहिए।

(७) काले घोड़े की नाल या नाव के तल में लगी हुई कील से निर्मित अँगूठी या शनियन्त्र या नीलम रत्न जड़ित मुद्रिका को विधि पूर्वक शुभ मुहूर्त में निर्माण करवाकर शुभमुहूर्त में शनिवार को विधियुक्त पूजा करके धारण करना चाहिए।

(८) शनिवार को बन्दरों को गुड़ और चना खिलाना चाहिए।

(९) शनिवार को पक्षियों को सप्तधान्य डालना श्रेयस्कर है।

(१०) शनिवार को सप्तधान्यादि का या काले पदार्थों, काले वस्त्रों आदि का दान करना चाहिए।

(११) शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं शनि पाया के अधिकतम अशुभ फल की शान्ति के लिए बीज मन्त्रों, वैदिक मन्त्रों या महामृत्युञ्जय आदि मन्त्रों का पर्याप्त संख्या में जाप एवं हवन करना चाहिए।

(१२) छायापात्र दान, तुलादान, भूदान, स्वर्णदान आदि का दान करना चाहिए।

(१३) तेल में मुख देखकर उस तेल में उड़द की दाल के नानाविध मीठे और नमकीन पक्वान्न बनाकर गरीबों, मजदूरों, कुष्ठरोगियों आदि को खिलाने चाहिए, इसके अतिरिक्त काले कुत्ते, भैंसे या साँड आदि को खिलाना भी श्रेयस्कर रहेंगें।

शनि जन्य अरिष्ट दोषों के शमनार्थ प्रदत्त उपायों को किसी विशेष शुभ-मुहूर्त में शनिवार से प्रारम्भ करके प्रतिदिन या प्रत्येक शनिवार को करना चाहिए तथा विशेष उपायों को शनैश्चरी अमावस्या को करना या करवाना चाहिए। उपरोक्त किसी भी उपाय को करने से निश्चित रूप से शनि-जनित अरिष्टों की शान्ति होती है।

आय-व्यय चक्र द्वारा शुभाशुभ फल -

संवत् में लाभ-हानि का ज्ञान करने हेतु आय-व्यय चक्र -

आय-व्यय चक्र (विंशोत्तरी मतानुसार)

(सम्वत्सर २०८३ का राजा- गुरु)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	१४	०८	१४	०८	११	१४	०८	१४	११	०५	०५	११
व्यय	०२	११	०८	०५	०२	०८	११	०२	०८	११	११	०८

आगामी सम्वत्सर में जातक से सम्बन्धित शुभाशुभ फल ज्ञात करने हेतु आय-व्यय बोधक चक्र में जातक की राशि के लाभ-हानि अंकों के योग में से एक घटाकर शेष को ८ से भाग दें। भाग देने पर यदि शेष १, २, ६, ७ बचे तो अभीष्ट सम्वत् में जातक को उत्तम लाभ होगा। शेष ३, ४, ५ या ८ हो तो लाभ से अधिक व्यय होने से परेशानियाँ बढ़ती हैं। अर्थात् शेष ०१ में लाभ, ०२ में सौख्य, ०३ में क्लेश, ०४ में रोग, ०५ में मिथ्या अपवाद, ०६ में सम्मान, ०७ में विजय, ०८ या ० में हानि समझनी चाहिए।

यथोक्तम् - **लाभव्ययौ समौ कृत्वा एकहीनं तु कारयेत्।**
अष्टभिस्तु हरेद्भागं शेषाङ्के फलमादिशेत्॥
लाभं सौख्यं तथा क्लेशं रोगं लोकापवादनम्।
सम्मानं विजयं हानिं कथितं पूर्वसूरिभिः॥

राशि स्वामी के ध्रुवाङ्कों द्वारा संवत् २०८३ में लाभ-व्यय ज्ञान -

संवत् में जिस जातक से सम्बन्धित लाभ-व्यय ज्ञान अपेक्षित हो सर्वप्रथम उस जातक की राशि स्वामी के ध्रुवाङ्कों में अभीष्ट वर्ष के राजा के ध्रुवाङ्कों को जोड़ देते हैं। योगफल को ३ से गुणाकर, गुणनफल में ५ जोड़कर १५ से भाग देने पर जो शेष बचे वह लाभ होता है। लब्धि को ३ से गुणा करने पर गुणनफल में ५ जोड़ने तथा योगफल में १५ से भाग देने पर जो शेष रहे वह खर्च जानना चाहिए। सम्वत् २०८३ में मेषादि द्वादश राशियों के जातकों हेतु लाभ-हानि की मात्रा का समानुपातीय ज्ञान ध्रुवाङ्क चक्र द्वारा स्पष्ट है।

लाभ-हानि चक्र (ध्रुवाङ्कों के आधार पर)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	११	०५	०८	०२	०५	०८	०५	११	१४	०२	०२	१४
व्यय	०५	१४	११	११	०५	११	१४	०५	११	०८	०८	११

इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि - तिथौ शुभम् ।
यः श्रृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्॥

प्रो. विनोद कुमार शर्मा
आचार्य, ज्योतिष-विभाग

विक्रम संवत् २०८३ सन् २०२६-२०२७ ई. में मेषादि द्वादश राशियों का मासिक-फल

चैत्र मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभ एवं अशुभ फल

मेष (ARIES) चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।

मेष राशि के जातकों का इस मास में स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा, रक्त विकार की संभावनाएं बढ़ेंगी अकस्मात् चोट का भय बना रहेगा, सूर्य, मंगल, शनि ग्रहों से संबंधित द्रव्यों का दान करें, धन लाभ पारिवारिक सुख शांति समृद्धि, बंधु व मित्र जनों का सहयोग मिलता रहेगा, मातृ कष्ट, मानसिक अशांति, हृदय विकार की संभावनाएं बढ़ेंगी। संतान पक्ष से अशुभ फल प्राप्त होंगे, योजनाएं सफल नहीं हो पायेंगी, गृहस्थ सुख ठीक-ठाक रहेगा, भाग्य में वृद्धि होगी, धर्म-कर्म में प्रवृत्ति बढ़ेगी, कार्य क्षेत्र में बाधाएं उत्पन्न होंगी, पिता को कष्ट होगा, मास के अंत में विशेष खर्च की संभावनाएं बढ़ेंगी। मार्च 18, 19, 27, 28 अप्रैल 6, 7 अशुभ दिन रहेंगे।

वृष (TAURUS) ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो।

वृष राशि वाले जातकों का इस मास में स्वास्थ्य ठीक रहेगा, धन लाभ पारिवारिक सुख समृद्धि, मित्र, बंधु जनों का सहयोग मिलेगा, मातृ सुख, संतान पक्ष से शुभ सूचनाएं, योजनाओं में सफलता, परिवार में परेशानी, भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में संघर्ष के उपरांत सफलता। मार्च 20, 21, 29, 30, 31 अप्रैल 8, 9 अशुभ दिन रहेंगे।

मिथुन (GEMINI) क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह

मिथुन राशि वाले जातकों के लिए यह मास स्वास्थ्य के दृष्टि से उत्तम, धनलाभ में समस्यायें, परिवार में उलझनें, भातृसुख, पराक्रम एवं उत्साह बना रहेगा। मातृ सुख में समृद्धि, वंशपरंपरा से प्राप्त होने वाली संपत्ति के योग, संतान की चिंता, योजनाओं में सफलता, परिवार में समस्यायें, नेत्र व गुप्त रोगों की संभावना, नीच एवं दुष्ट प्रकृति के लोगों से अपमान एवं भय, भाग्य में संघर्ष के उपरांत सफलता, कार्य क्षेत्र में सामान्य सफलता, पिता के सुख में कमी। मार्च 15, 22, 23 अप्रैल 1, 2, 10, 11 अशुभ दिन रहेंगे।

कर्क (CANCER) ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

कर्क राशि वाले जातकों का इस माह में स्वास्थ्य उत्तम रहेगा लेकिन कष्ट भी बने रहेंगे, मंगल, राहु केतु से संबंधित ग्रहों के द्रव्यों का दान करें। धन लाभ पारिवारिक झमेले झगड़े, बंधुओं से विरोध, मातृ सुख मध्यम, संतान पक्ष से चिंतायें, योजनाओं में सफलता, परिवार में सुख समृद्धि मध्यम, भाग्य में वृद्धि, कार्य क्षेत्र में हानि के योग। मार्च 16, 17, 24, 25, 26 अप्रैल 3, 4, 5, 12, 13 और के दिन अशुभ रहेंगे।

सिंह (LEO) म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे।

सिंह राशि वाले जातकों का इस माह में स्वास्थ्य खराब रहेगा, रोग व अकस्मात् दुर्घटनाओं से भय, पारिवारिक क्लेश बढ़ेगा, सूर्य और शनि ग्रहों से संबंधित द्रव्यों का दान करें, धन लाभ, पारिवारिक सुख समृद्धि, बंधुजनों में मत-मतांतर, माता के सुख में कमी, मानसिक चिंताएं बढ़ेंगी, संतान पक्ष से भी चिंताएं मिलेंगी। योजनाओं में असफलता मिलेगी, पारिवारिक समस्यायें बढ़ेंगी, भाग्य में बाधाएं उत्पन्न होंगी, कार्य क्षेत्र में संघर्ष बना रहेगा, किसी मिथ्या अपवाद से बचें रहें। मार्च 18, 19, 27 28 अप्रैल के 6, 7 अशुभ दिन रहेंगे।

कन्या (VIRGO) टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या राशि वाले जातकों का इस मास में स्वास्थ्य खराब रहेगा, धन लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी, बंधु सुख में कमी आएगी मातृ सुख सामान्य रहेगा, मित्रों से मेल जोल बढ़ेगा, संतान पक्ष चिंतित करेगा, योजनाएं असफल होंगी, पत्नी कष्ट होगा, भाग्य साथ देगा और कार्य क्षेत्र में प्रगति होगी। मार्च 20, 21, 29, 30 अप्रैल 8, 9 के दिन आपके लिए अशुभ रहेंगे।

तुला (LIBRA) रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तू, ते।

तुला राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा। असंगति से दूर रहें, धनलाभ में वृद्धि, घरेलु झगड़ों एवं झंझटों से दूर रहें, बंधुजनों से मेल

होगा, आपका उत्साह और पराक्रम बना रहेगा, मातृ एवं संतान की ओर से कष्ट प्राप्त होगा, मित्रों से व्यवहार में कटुता रहेगी, परिवार की चिंता से चिंतित रहेंगे, भाग्य प्रबल है परंतु कार्य क्षेत्र में सावधानी की आवश्यकता है। मार्च 15, 22, 23 अप्रैल 1, 2, 10, 11 के दिन आपके लिए अशुभ रहेंगे।

वृश्चिक (SCORPIO) तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।

वृश्चिक राशि वाले जातकों का इस मास में स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा, मंगल ग्रह से संबंधित द्रव्यों का दान करें, धनधान्य की संभावनाएं बढ़ेंगी। पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी, भ्रातृसुख ठीक रहेगा, मातृ सुख मध्यम रहेगा, संतान पक्ष से चिंताएं मिलेंगी, योजनाओं में बाधाएं उत्पन्न होंगी, पत्नी सुख की प्राप्ति होगी, आपका भाग्य प्रबल रहेगा, कार्य क्षेत्र में लगातार संघर्ष से सफलता मिलती रहेगी। मार्च 16, 17, 24, 25, 26 अप्रैल 3, 4, 5, 12 13 के दिन आपके लिए अशुभ रहेंगे।

धनु (SAGITTARIUS) ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, द

धनु राशि के जातकों का इस मास में स्वास्थ ठीक नहीं रहेगा, गुरु ग्रह से संबंधित द्रव्यों का दान करें। पारिवारिक मतभेद बढ़ेंगे, धन लाभ के क्षेत्र में बाधाएं उत्पन्न होंगी, नेत्र एवं वाणी में विकार पैदा होगा, बंधु सुख मध्यम रहेगा, मातृ कष्ट होगा, हृदय रोग होने की संभावनाएं बढ़ेंगी, संतान पक्ष से चिंतायें मिलेंगी, योजनाएं असफल होंगी, पत्नी सुख मध्यम रहेगा, गुप्त रोग एवं भाग्य में संघर्ष बना रहेगा, कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। मार्च 18, 19, 27, 28 अप्रैल 6, 7 के दिन आपके लिए अशुभ रहेंगे।

मकर (CAPRICON) भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।

मकर राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मास ठीक रहेगा, रोग व चोट का भय बना रहेगा, उदर विकार होगा। सूर्य, शनि, राहु, मंगल ग्रह के द्रव्यों का दान करें। कार्य क्षेत्र में धन लाभ और विशेष खर्च, बंधु विवाद, मित्रों से सहयोग, मातृ कष्ट, संतान पक्ष से चिंतित, योजनाएं सफल होंगी। गृहस्थ की चिंता से चिंतित रहेंगे, भाग्य ठीक रहेगा, कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। मार्च 20, 21, 29, 30 अप्रैल 8, 9 के दिन आपके लिए अशुभ रहेंगे।

कुम्भ (AQUARIUS) गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द।

कुंभ राशि वाले जातकों के लिए इस मास में स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। शनि और बुध ग्रह के द्रव्यों का दान करें, धन लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी, वृथा व्यय से बचें, पारिवारिक झगड़े झमेलों से बचें, बंधु सुख और हानि दोनों ही होंगे, मित्रों से अकस्मात् अपवाद भय की संभावनाएं बनेंगी, मातृ कष्ट होगा, संतान पक्ष से शुभ संकेत मिलेंगे, योजनाएं सफल होंगी, गृहस्थ की चिंता से चिंतित रहेंगे, भाग्य व कार्य क्षेत्र में संघर्ष बना रहेगा, मार्च 15, 22, 23 अप्रैल 1, 2, 10, 11 के दिन आपके लिए अशुभ रहेंगे।

मीन (PISCES) दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची।

मीन राशि के जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मास अशुभ रहेगा, अचानक चोट का भय बना रहेगा, सूर्य, शनि ग्रह के द्रव्यों का दान करें। धन लाभ में वृद्धि होगी, पारिवारिक सुख समृद्धि में समस्यायें का सामना करना पड़ेगा, भ्रातृ सुख ठीक रहेगा, मातृ सुख एवं अपने स्वजनों से सौहार्द में वृद्धि होगी, संतान पक्ष से चिंताएं बनी रहेंगी, योजनाएं मध्यम फल देंगी, गृहस्थ में परेशानियां आयेंगी, भाग्य कमजोर रहेगा, कार्य क्षेत्र में संघर्ष के उपरांत प्रगति होगी। मार्च 16, 17, 24, 25, 26 अप्रैल 3, 4, 5, 12, 13 के दिवस आपके लिए अशुभ रहेंगे।

वैशाख मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष (ARIES) चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।

मेष राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मास खराब रहेगा परंतु आत्म बल बना रहेगा, धन लाभ के क्षेत्र में सामान्य स्थिति रहेगी, योजनाएं सफल होंगी, संतान पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी परंतु मानसिक चिंताएं बनी रहेंगी, भाग्य प्रबल परंतु कार्य क्षेत्र में संघर्ष बना रहेगा। अप्रैल 15, 16, 17, 24, 25, में 3, 4, 5, 13 अशुभ दिन रहेंगे

वृष (TAURUS) ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो।

वृष राशि वाले जातकों के लिए यह मास स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक नहीं रहेगा, आंखों में विकार होना संभव है। बंधु जनों में मतभेद पैदा होंगे परंतु तालमेल बना रहेगा,

धन के क्षेत्र में एवं परिवार में विवाद उत्पन्न होंगे, मित्रों में समानता रहेगी, संतान पक्ष में सुख के लिए चिंताएं बनेंगी, गृहस्थ सुख ठीक-ठाक रहेगा, भाग्य एवं कार्य क्षेत्र उत्तम रहेगा, धर्म में रुचि बढ़ेगी। अप्रैल 18, 19, 26, 27 मई 6, 7 अशुभ दिन रहेंगे।

मिथुन (GEMINI) क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह

मिथुन राशि वाले जातकों का इस मास में स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा, मानसिक चिंताएं बनी रहेंगी, शीत विकार जैसे कफ आदि का आधिक्य रहेगा, गुप्त रोगों से चिंताएं बढ़ेंगी। नेत्रों में कष्ट होगा, धन की प्राप्ति के बाद हानि होगी, बंधु सुख ठीक रहेगा, संतान पक्ष से शुभ सूचनाएं प्राप्त होंगी। गृहस्थ सुख में लाभ मिलेगा, भाग्य मध्यम फल प्रदान करेगा, कार्य क्षेत्र में संघर्ष बना रहेगा । अप्रैल 15, 16, 17, 24, 25, मई 3, 4, 5, 13 अशुभ दिन रहेंगे।

कर्क (CANCER) ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

यह मास आपके स्वास्थ्य के लिए उत्तम नहीं रहेगा, मानसिक चिंताएं शीत विकार, गुप्त रोग और नेत्रों में कष्ट बढ़ेगा, धन की प्राप्ति के बाद व्यय होगा, बन्धुओं से सुख की प्राप्ति होगी, मातृ सुख मध्यम रहेगा, मित्रों से शुभ सूचनाएं प्राप्त होंगी। आपका गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, भाग्य से कुछ भी प्राप्त नहीं होगा, कार्य क्षेत्र से कुछ शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अप्रैल 22, 23 में 1, 2, 11, 12 दिन आपके लिए अशुभ रहेंगे।

सिंह (LEO) म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे।

यह मास आपके लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम रहेगा, परंतु उदर विकार बढ़ेगा, धन लाभ मध्यम रहेगा, बंधु सुख सामान्य रहेंगे, मातृ सुख में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे, मित्रों में मत मतान्तर दृष्टिगोचर होगा, संतति पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। योजनाएं आपकी सफल होंगी परंतु गृहस्थ में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, मन व्यथित रहेगा, गुप्त रोगों की संभावनाएं बढ़ेंगी। भाग्य साथ नहीं देगा, कार्य क्षेत्र मध्यम रहेगा। अप्रैल 15, 16, 17, 24, 25 मई 3, 4, 5, 13 अशुभ दिन रहेंगे।

कन्या (VIRGO) टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या राशि वाले जातकों के लिए यह मास स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक नहीं रहेगा, धन की प्राप्ति के उपरांत व्यय अधिक होगा, उत्साह में न्युणता आएगी, मित्रों के पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होंगे, संतान पक्ष से चिंताएं मिलेंगी, आपके द्वारा बनाई गई योजनाएं सफल नहीं हो पाएंगी, गृहस्थ की चिंता से चिंतित रहेंगे, नेत्रों एवं मूत्र विकार की संभावनाएं बढ़ेंगी, भाग्य आपका मध्यम रहेगा, कार्य क्षेत्र में लाभ होने की संभावनाएं बढ़ेंगी। अप्रैल 18, 19, 26, 27मई 6, 7 अशुभ दिन रहेंगे।

तुला (LIBRA) रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तू, ते।

तुला राशि के जातकों के लिए इस मास में स्वास्थ्य ठीक रहेगा, धन एवं परिवार में सुख की कमी प्राप्त होगी, पराक्रम और उत्साह में वृद्धि होगी, बंधुजनों से लाभ प्राप्त होगा, माता एवं संतान पक्ष से चिंताएं व्यथित करेंगी। योजनाएं असफल रहेंगी परंतु शत्रु और रोग कमजोर पड़ेंगे, गृहस्थ सुख में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, भाग्य और कार्य क्षेत्र उत्तम रहेगा। अप्रैल 20, 21, 28, 29, 30 मई 8, 9, 10 अशुभ दिन रहेंगे।

वृश्चिक (SCORPIO) तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।

इस मास में आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा, संतान पक्ष से अशुभ समाचार प्राप्त होंगे, धन के क्षेत्र में स्थिति मजबूत बनेगी, परिवार की ओर से सुख एवं समृद्धि की संभावनाएं बढ़ेंगी, उत्साह में वृद्धि होगी, माता पक्ष की चिंताएं बढ़ेंगी, योजनाएं असफल होंगी, शत्रु एवं रोग कमजोर पड़ेंगे, पत्नी की चिंता से चिंतित रहेंगे, भाग्य ठीक रहेगा, कार्य क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं प्राप्त होंगी, अप्रैल 22, 23 मई 1, 2, 11, 12 अशुभ दिन रहेंगे।

धनु (SAGITTARIUS) ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, द

धनु राशि वाले जातकों के लिए यह मास स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम रहेगा। धन की प्राप्ति होगी और व्यय भी होगा, बंधुजनों के विरोध का सामना करना पड़ेगा, मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा, संतान पक्ष से शुभ सूचनाएं प्राप्त होंगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी, शत्रु कमजोर पड़ेंगे, परंतु सतर्क रहने की आवश्यकता है, पत्नी की ओर से चिंताएं चिंतित करेंगी, गुप्त रोग प्रभाव बढ़ाएंगे, भाग्य संघर्षमय रहेगा, कार्यक्षेत्र में सफलताएं प्राप्त होंगी। अप्रैल 15, 16, 17, 24, 25 मई 3, 4, 5, 13 अशुभ दिन रहेंगे।

मकर (CAPRICON) भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।

मकर राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा। धन प्राप्ति होने के बाद व्यय होगा, बंधुजनों से विरोध का सामना करना पड़ेगा, संतान पक्ष से शुभ सूचनाएं प्राप्त होंगी, योजनाएं सफल रहेंगी, शत्रु एवं रोग शांत रहेंगे परन्तु सावधानी की आवश्यकता रहेगी, पत्नी पक्ष से चिंताएं चिंतित करेंगी, गुप्त रोग बढ़ेंगे, भाग्य में संघर्ष और कार्य क्षेत्र में सफलताएं प्राप्त होंगी। अप्रैल 18, 19, 26, 27 मई 6, 7 अशुभ दिन रहेंगे।

कुम्भ (AQUARIUS) गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द।

कुम्भ राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मास ठीक नहीं रहेगा, क्रोध में वृद्धि होगी, अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे, पराक्रम एवं उत्साह में न्युणता मिलेगी, बन्धु सुख एवं संतान पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी, परन्तु चिंताएं बनी रहेंगी, गृहस्थ में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, गुप्त रोगों का प्रभाव बढ़ेगा, भाग्य सामान्य रहेगा, कार्य क्षेत्र में अनवरत संघर्ष बना रहेगा। अप्रैल 20, 21, 28, 29, 30 मई 8, 9, 10 अशुभ दिन रहेंगे।

मीन (PISCES) दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची।

मीन राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मास ठीक नहीं रहेगा, क्रोध में वृद्धि होगी, नेत्रों में विकार बढ़ेगा, मातृ पक्ष से शुभ सूचनाएं प्राप्त होंगी, मित्रों से लाभ मिलेगा, संतान पक्ष से चिंताएं बढ़ेंगी, आपको योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी, शत्रु हतप्रभ रहेंगे, स्त्री पक्ष से कष्ट मिलेगा, भाग्य मध्यम रहेगा और आपको कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। अप्रैल 22, 23, मई 1, 2 अशुभ दिन रहेंगे।

ज्येष्ठ मास में प्रत्येक राशि वालों के लिए शुभ एवं अशुभ फल ।

मेष (ARIES) चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

यह मास मेष राशि वालों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक रहेगा परंतु क्रोध में वृद्धि होगी धन के क्षेत्र में लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी इसी के साथ धन व्यय में भी लगाम लगेगी बंधु एवं बांधवों से सुख की प्राप्ति होगी मित्रों के साथ व्यवहार में वृद्धि होगी संतान पक्ष से चिंताएं बढ़ेंगी । आपकी योजनाएं सफल नहीं हो पाएंगी गृहस्थ सुख में वृद्धि होगी, रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी । आपके भाग्य में इस माह समस्यायें रहेंगी कार्य क्षेत्र में स्थिरता नहीं बनेगी। मई 21, 22, 30, 31, जून 1, 9, 10, के दिन अशुभ रहेंगे।

वृष (TAURUS) ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो।

वृष राशि वालों के लिए यह माह स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक रहने वाला है किंतु सिर में पीड़ा बढ़ेगी। धन-धान्य में लाभ होगा। पारिवारिक संबंध अच्छे रहेंगे, मित्रों से लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी, संतान सुख मध्यम रहेगा आपकी योजनाएं सफल होंगी, परंतु गृहस्थ में कुछ परेशानियां बढ़ेंगी, भाग्य एवं आपका कार्य क्षेत्र ठीक रहेगा और आपका व्यय शुभ कार्यों में खर्च होने वाला होगा। मई 15, 16, 23, 24, जून 2, 3, 11, 12 के दिन अशुभ रहेंगे।

मिथुन (GEMINI) क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह

मिथुन राशि वालों के लिए यह माह स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक रहने वाला है परंतु चिंताएं बनी रहेंगी, धन एवं संपत्ति में वृद्धि होगी, पारिवारिक सुख की प्राप्ति होगी, पराक्रम और उत्साह बना रहेगा। मातृ पक्ष से मध्यम सुख की प्राप्ति, संतान की ओर से शुभ संकेत, आपकी योजनाएं सफल होंगी, स्त्री सुख की प्राप्ति होगी और पति सुख में भी वृद्धि होगी। आपका भाग्य प्रबल रहेगा कार्य क्षेत्र में उन्नति होगी। मई 17, 18, 25, 26, 27 जून 4, 5, 6, 13, 14 के दिन अशुभ रहेंगे।

कर्क (CANCER) ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

कर्क राशि वालों के लिए यह माह स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ ठीक रहने वाला है। धन की प्राप्ति के उपरांत हानि होने की संभावनाएं बनेंगी। पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि रहेगी, मातृ पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी, मित्रों से लाभ होगा, संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे, आपकी योजनाएं सफल होंगी, स्त्री एवं पति सुख की प्राप्ति होगी, रोगों से भय बना रहेगा परंतु आपका भाग्य प्रबल रहेगा, धर्म के क्षेत्र में आपकी रुचि बढ़ेगी और कार्य क्षेत्र में मन लगेगा। जिससे आपको कार्यक्षेत्र में विशेष लाभ की प्राप्ति होगी । मई 19, 20, 28, 29, जून 7, 8, के दिन अशुभ रहेंगे।

सिंह (LEO) म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे।

सिंह राशि वालों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से उदर में समस्या एवं वात संबंधी रोगों में वृद्धि, धन और संपत्ति में वृद्धि होगी, पारिवारिक सुख प्राप्त होगा, बंधु एवं मित्र लोगों से आपका मेल बढ़ेगा, संतान सुख में वृद्धि होगी, आप नई-नई योजनाओं का निर्माण करेंगे परन्तु शत्रुओं का भय बना रहेगा और इसी के साथ रोग में भी कुछ संभावनाएं बढ़ेंगी गृहस्थ सुख में समस्यायें होंगी। परंतु भाग्य, धर्म के क्षेत्र में विशेष रूप से वृद्धि होगी। मई 21, 22, 30, 31 जून 1, 9, 10 के दिन अशुभ रहेंगे।

कन्या (VIRGO) टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या राशि वालों के लिए इस माह स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभ होगा धन एवं पारिवारिक सुखों की प्राप्ति होगी आपको पराक्रम और उत्साह में वृद्धि देखने को मिलेगी बंधु एवं मित्र जनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान सुख में वृद्धि होगी स्त्री कष्ट बढ़ेगा मन अशांत रहेगा भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में कुछ संभावनाएं बढ़ेंगी और अंततः लाभ की प्राप्ति होगी परंतु मास के अंत में अत्यधिक व्यय होने की स्थिति बनेगी। मई 15, 16, 23, 24 जून 2, 3, 11, 12 के दिन अशुभ रहेंगे।

तुला (LIBRA) रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तू, ते।

राशि वालों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह माह उत्तम रहेगा, धन के क्षेत्र में लाभ होगा, पारिवारिक एवं बंधुजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा मातृ पक्ष से कुछ मानसिक कष्ट की प्राप्ति होगी, संतान पक्ष से भी चिंतित रहेंगे, आपकी योजनाएं असफल होंगी और शत्रु भी कमजोर पड़ेंगे, रोग ठीक होगा, स्त्री सुख में वृद्धि होगी, आपका भाग्य ठीक रहेगा धर्म के क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी परंतु अस्थिरता अनवरत बनी रहेगी, लेकिन फिर भी कार्य क्षेत्र में प्रगति दृष्टिगोचर होगी। मई 17, 18, 25, 26, 27, जून 4, 5, 6, 13, 14 के दिन अशुभ रहेंगे।

वृश्चिक (SCORPIO) तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।

वृश्चिक राशि वालों के लिए यह मास स्वास्थ्य की दृष्टि से अति उत्तम रहने वाला है। धन के क्षेत्र में लाभ होगा। पारिवारिक सुख एवं समृद्धि की संभावनाएं बढ़ेगी। आपका उत्साह एवं पराक्रम बना रहेगा। बंधु एवं बान्धवों से सुख की प्राप्ति होगी। मातृ पक्ष से कष्ट मिलेगा। संतान पक्ष से भी चिन्ताएं बढ़ेंगी आपकी योजनाओं में रुकावटें आने के कारण सफल नहीं हो पायेंगी। शत्रुओं से भय बराबर बना रहेगा गृहस्थ सुख में कष्ट की प्राप्ति होगी और भाग्य में भी कमी मिलेगी। परंतु कार्य क्षेत्र में सफलताएं बनी रहेगी। मई 19, 20, 28, 29 जून 7, 8 के दिन अशुभ रहेंगे।

धनु (SAGITTARIUS) ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, द

धनु राशि वालों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह माह अति उत्तम रहेगा धन के क्षेत्र में वृद्धि होगी, बंधु -बांधवों एवं मित्रों से सहयोग की प्राप्ति होगी, पराक्रम और उत्साह अनवरत बना रहेगा संतान पक्ष से शुभ सूचनायें प्राप्त होंगी। आपकी योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी। शत्रु आपसे कोसों दूर रहेंगे। गृहस्थ सुख में भी वृद्धि होगी परंतु भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मई 21, 22, 30, 31 जून 1, 9, 10 के दिन अशुभ रहेंगे।

मकर (CAPRICON) भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।

राशि वालों के लिए यह मास अति उत्तम रहेगा परंतु धनागम के क्षेत्र में समस्यायें बढ़ेंगी, मित्रों एवं बंधुजनों से विरोध का सामना करना पड़ेगा, मातृ पक्ष एवं मित्र पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी, संतान पक्ष मध्यम फल देने वाला होगा, आपकी योजनाएं सफल होंगी, शत्रु आपसे भयभीत रहेंगे। परंतु रोगों का भय बना रहेगा, भाग्य में वृद्धि होने से लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी, कार्य क्षेत्र में अस्थिरता होने के उपरांत भी लाभ की संभावनाएं बनेगी। मई 15, 16, 23, 24, जून 2, 3, 11, 12 के दिन अशुभ रहेंगे।

कुम्भ (AQUARIUS) गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द।

कुंभ राशि वाले जातकों के लिए यह मास सेहत एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से उदर में विकार नेत्रों में रोग और वात विकार की संभावनाएं अत्यधिक रहेंगी, धन की प्राप्ति होने के उपरान्त अत्यधिक व्यय होगा, पारिवारिक सुख में भी कमी आयेगी, उत्साह एवं पराक्रम बना रहेगा, बंधु एवं मित्र जनों से कार्य क्षेत्र में सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष

से सुख की प्राप्ति, योजनाओं में लाभ, योजनाएं सफल होंगी। शत्रु भयभीत रहेंगे, परंतु गृहस्थ में चिंताएं बनी रहेंगी, आपका भाग्य एवं कार्य क्षेत्र प्रबल रहेगा, और धन लाभ के क्षेत्र में भी वृद्धि होगी। मई 17, 18, 25, 26, 27, जून 4, 5, 6, 13, 14 के दिन अशुभ रहेंगे।

मीन (PISCES) दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची।

मीन राशि वालों के लिए यह मास स्वास्थ्य की दृष्टि से परेशानियों एवं चिताओं से भरा रहेगा, धन के क्षेत्र में लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी, परिवार एवं बंधु जनों से लाभ की प्राप्ति होगी, संतान सुख ठीक रहेगा, आपके द्वारा बनाई गई योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी। शत्रु भयभीत रहेंगे, गृहस्थ एवं स्त्री पक्ष से अनवरत चिन्ताओं का सामना करना होगा। भाग्य एवं कार्य क्षेत्र आपका ठीक रहेगा और अकस्मात् धन लाभ की प्राप्ति होगी। मई 19, 20, 28, 29, जून 7, 8 के दिन अशुभ रहेंगे।

आषाढ़ मास में प्रत्येक राशि वालों के लिए शुभ एवं अशुभ फल।

मेष (ARIES) चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।

मेष राशि वाले जातक इस मास स्वास्थ्य का लाभ ले सकेंगे, धन का लाभ होकर भी धन हानि होने का भय बना रहेगा। गृहसुख की प्राप्ति होगी, पराक्रम एवं उत्साह में लाभ होगा, बंधुओं से सुख की प्राप्ति, मित्रों में असहजता, मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहेगी। परंतु संतति पक्ष से शुभ फल मिलेंगे, आपको योजनाओं में लाभ होगा। स्त्री कष्ट होने की संभावना रहेगी, भाग्य में वृद्धि होगी धर्म और कर्म में अत्यधिक रुचि बढ़ेगी कार्य क्षेत्र में बाधाएं उत्पन्न होंगी मन अशांत एवं अत्यधिक व्यय होगा। जून 17, 18, 19, 27, 28, जुलाई 7, 8, 15 के दिन अशुभ रहेंगे।

वृष (TAURUS) ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो।

वृष राशि वाले जातकों का इस मास स्वास्थ्य मध्यम रहेगा, धन लाभ की संभावनाएं बनेंगी, किंतु अनावश्यक खर्च बढ़ेगा बंधु सुख सामान्य रहेगा, मानसिक अशान्ति बढ़ेगी, संतान पक्ष से मध्यम फल मिलेगा, योजनाएं सफलता प्राप्त करेंगी, स्त्री सुख एवं पति सुख में वृद्धि होगी, भाग्य प्रबल होगा, कार्य क्षेत्र में भविष्य उज्जवल बनेगा, धर्म और कर्म में अत्यधिक रुचि बढ़ेगी, अच्छे कार्यों में व्यय होगा। जून 20, 21, 29, 30, जुलाई 1, 9, 10 के दिन अशुभ रहेंगे।

मिथुन (GEMINI) क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह

मिथुन राशि वालों के लिए इस मास स्वास्थ्य में लाभ मिलेगा और धन लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में सुख समृद्धि बढ़ेगी, उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि होगी। मातृ सुख की प्राप्ति होगी। मित्रों से लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी। संतान पक्ष से सुख की संभावनाएं मध्यम रहेंगी, योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी इस महीने शत्रु कमजोर पड़ेंगे। स्त्री सुख एवं पति सुख की प्राप्ति होगी, भाग्य में वृद्धि होगी, कारोबार कार्य क्षेत्र में प्रगति की संभावनाएं बनेंगी, आय में वृद्धि के संकेत मिलेंगे। जून 22, 23, जुलाई 2 के दिन अशुभ रहेंगे।

कर्क (CANCER) ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

कर्क राशि वालों का इस मास स्वास्थ्य ठीक रहेगा परन्तु मानसिक अशान्ति बनी रहेगी, धन की प्राप्ति होने के उपरान्त भी धन के व्यय होने की संभावनाएं अत्यधिक बढ़ेंगी। परंतु उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि होगी मातृ पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी। मित्रों से सहायता प्राप्त होगी। संतति पक्ष से शुभ सूचनायें प्राप्त होंगी, योजनाओं में सफलता की प्राप्ति होगी इस कालखंड में शत्रु कमजोर पड़ेंगे, पति सुख एवं स्त्री सुख में वृद्धि होगी, गुप्त रोगों का भय बना रहेगा। भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में प्रगति की स्थिति बनेगी। जून 15, 16, 24, 25, 26, जुलाई 4, 5, 6, 13, 14 के दिन अशुभ रहेंगे।

सिंह (LEO) म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे।

सिंह राशि वालों का इस महीने स्वास्थ्य की दृष्टि से मध्यम, धन लाभ की प्राप्ति, पारिवारिक सुख समृद्धि बनी रहेगी, मातृ पक्ष से सुख की संभावनाएं बढ़ेंगी मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष सुख समृद्धि से युक्त होगा। योजनाएं सफलता प्राप्त करेंगी। गृहस्थ में समस्यायें बढ़ेंगी। रोगों से भय होगा। भाग्योदय होगा, धर्म कर्म के कार्य क्षेत्र में वृद्धि होगी और कार्य क्षेत्र में लाभ की संभावनाएं बनेंगी। जून 17, 18, 19, 27, 28 जुलाई 7, 8, 15 के दिन अशुभ रहेंगे।

कन्या (VIRGO) टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या राशि वालों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा। धन एवं संपत्ति से लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी, उत्साह बना रहेगा। मित्रों के द्वारा सहयोग मिलता रहेगा, संतान पक्ष की तरफ से किसी प्रकार की हानि नहीं होगी। योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी। शत्रु आपके कमजोर पड़ेंगे। गृहस्थ में लड़ाई झगड़ों में कुछ वृद्धि देखने को मिलेगी। आपका भाग्य एवं कार्यक्षेत्र में पहले की अपेक्षा प्रगति की स्थिति बनेगी। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और आय के साधनों में अच्छे स्रोत बनकर सामने आएंगे। जून 20, 21, 29, 30 जुलाई 1, 9, 10 के दिन अशुभ रहेंगे।

तुला (LIBRA) रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तू, ते।

तुला राशि वालों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य की दृष्टि से विशेष लाभ होगा, धन की प्राप्ति होने के उपरांत धन के व्यय होने की संभावनाएं बढ़ेंगी, पारिवारिक सुख समृद्धि एवं धन का लाभ बना रहेगा। मित्रगण एवं संबंधी सहयोग करते रहेंगे परंतु संतान पक्ष से चिंताएं बढ़ेंगी, आपकी योजनाएं असफलता का सामना करेंगी, दुर्घटना का भय बना रहेगा, शत्रु कमजोर रहेंगे, गृहस्थ में कलह की वृद्धि होगी। भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में प्रगति होगी। परंतु मानसिक चिंतायें लगातार बनी रहेंगी। जून 22, 23, जुलाई 2, 3, 11, 12 के दिन अशुभ रहेंगे।

वृश्चिक (SCORPIO) तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।

वृश्चिक राशि वालों के लिए यह महीना स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक रहेगा, धन एवं संपत्ति के विषय में लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी। पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी बंधु व मित्र गणों से सहयोग प्राप्त होगा मातृकष्ट एवं शत्रुओं से भय बना रहेगा, स्त्री सुख एवं पति सुख की प्राप्ति होगी । नेत्रों में कष्ट होगा शीत रोग का भय बना रहेगा । भाग्य में रुकावटें आती रहेंगी कार्य क्षेत्र में विशेष वृद्धि होगी तथा लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी । जून 15, 16, 24, 25, 26, जुलाई 4, 5, 6, 13, 14 के दिन अशुभ रहेंगे।

धनु (SAGITTARIUS) ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, द

धनु राशि वालों के लिए इस महीने स्वास्थ्य की दृष्टि से खराब होने की संभावनाएं बनेंगी परंतु धन के क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी पारिवारिक बंधु जनों से सुख की प्राप्ति होगी, मित्रों से मिलन होगा, मातृ पक्ष से कष्ट बढ़ेगा, संतान पक्ष से शुभ संकेत मिलेंगे, आपकी योजनाएं सफल होंगी परंतु गृहस्थ में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा मानसिक चिंताएं बढ़ेंगी भाग्य में वृद्धि होगी और कार्य क्षेत्र में प्रगति बनी रहेगी। जून 17, 18, 19, 27, 28, जुलाई 7, 15 के दिन अशुभ रहेंगे।

मकर (CAPRICON) भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।

मकर राशि वालों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य की दृष्टि से सामान्य रहेगा, धन की दृष्टि से लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी परन्तु अनावश्यक व्यय होगा पारिवारिक मतभेद उभर कर आएंगे, बंधु जनों से भय बना रहेगा परन्तु उत्साह में वृद्धि होगी, मातृ पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी, मित्र जनों से सहयोग मिलेगा, संतान पक्ष से शुभ संकेत मिलेंगे, योजनाएं सफल होंगी शत्रु आपके कमजोर पड़ेंगे, रोगों से छुटकारा मिलेगा परन्तु गृहस्थ में कलह का कारण बना रहेगा, रोगों से भय की संभावनाएं बढ़ेंगी, भाग्य में सुख की प्राप्ति होगी, और कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। जून 20, 21, 29, 30, जुलाई 1, 9, 10 के दिन अशुभ रहेंगे।

कुम्भ (AQUARIUS) गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द।

कुंभ राशि वालों के लिए इस महीने में सिर व नेत्रों में कष्ट से पीड़ा का सामना करना पड़ेगा। उदर विकार बढ़ेंगे, धन की प्राप्ति होगी, परंतु हानि का भी भय बना रहेगा। गृहस्थ में कलह बढ़ेगी उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि होगी, बंधु सुख की प्राप्ति होगी, संतान पक्ष से चिंता अनवरत सताती रहेगी, योजनाओं में किंचित् लाभ होने की संभावना बनेगी, गृहस्थ की चिंता बनी रहेगी, भाग्य मध्यम रहेगा, कार्य क्षेत्र में विशेष प्रगति दृष्टिगोचर होगी । जून 22, 23, जुलाई 2, 3, 11, 12 के दिन अशुभ रहेंगे।

मीन (PISCES) दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची।

मीन राशि वालों के लिए इस महीने में विशेष रूप से सिर में कष्ट होने की

संभावना, शिरोवेदना धन एवं संपत्ति का लाभ होगा। पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। बान्धवो व मित्र जनों से सहयोग की प्राप्ति होगी, मातृ सुख मध्यम मिलेगा, संतान पक्ष से सुख की संभावनाएं बढ़ेंगी, परंतु चिंताएं बनी रहेंगी, गृहस्थ में कलह का कारण बना रहेगा, भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में सफलता मिलती रहेगी, धर्म एवं कार्यक्षेत्र में रुचि की वृद्धि होगी। जून 15, 16, 24, 25, 26, जुलाई 4, 5, 6, 31, 14 के दिन अशुभ रहेंगे।

श्रावण मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभ एवं अशुभ फल।

मेष (ARIES) चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

मेष राशि के जातकों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति होगी धन लाभ होने के उपरांत हानि होने का भय बना रहेगा परंतु उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि होगी मातृ पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी बंधु पक्ष से एवं मित्र जनों से सहयोग मिलता रहेगा संतान पक्ष से मध्यम सुख की प्राप्ति, आपके द्वारा योजनाएं सफलता चूमेंगी गृहस्थ सुख की प्राप्ति होगी, भाग्य प्रबल रहेगा, धर्म एवं कर्म में अत्यधिक प्रवृत्ति बढ़ेगी, कार्यक्षेत्र में उलझने पैदा होंगी परंतु मन शांत, विशेष लाभ होने की संभावनाएं बनेंगी। जुलाई 24, 25, अगस्त 3, 4, 11, 12, के दिन अशुभ रहेंगे।

वृष (TAURUS) ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो।

वृष राशि के जातकों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य की दृष्टि से विशेष सावधानियां रखनी होंगी अन्यथा समस्यायें बढ़ेंगी वीपी जैसी समस्याएं बढ़ेंगी परंतु धन एवं संपत्ति में लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी, बंधु एवं मित्र जनों से सहयोग की प्राप्ति होगी, संतान पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी, आपकी योजनाएं सफल होंगी, गृहस्थ में सुख का लाभ मिलेगा, भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति होगी, धार्मिक कार्यों में मन लगा रहेगा । जुलाई 17, 18, 26, 27, 28, अगस्त 5, 6, 13, 14, के दिन अशुभ रहेंगे।

मिथुन (GEMINI) क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह

मिथुन राशि वालों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य की दृष्टि से विशेष लाभ की प्राप्ति होगी, धन लाभ की संभावनाएं बनेगी, पारिवारिक व मित्र जनों से सुख की वृद्धि होगी, उत्साह एवं पराक्रम बना रहेगा, संतान पक्ष से चिंताएं बढ़ेंगी, योजनाओं में असफलता की प्राप्ति होगी, गृहस्थ सुख में अत्यधिक लाभ नहीं होगा परंतु भाग्य एवं धर्म का क्षेत्र ठीक रहेगा, कार्य क्षेत्र में समस्यायें का सामना करना पड़ेगा और अत्यधिक संघर्ष के उपरांत लाभ की प्राप्ति होगी। जुलाई 19, 20, 29, 30, अगस्त 7, 8, 15, 16, के दिन अशुभ रहेंगे।

कर्क (CANCER) ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

कर्क राशि के जातकों के लिए इस महीने स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक लाभ रहेगा आपके प्रभाव का क्षेत्र बढ़ेगा, धन एवं संपदा में विशेष लाभ की प्राप्ति होगी, बन्धु एवं मित्र गणों से सुख के क्षेत्र में वृद्धि होगी, संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होंगे, आपकी योजनाएं सफल होंगी, गृहस्थ में समस्यायें बढ़ेंगी, गुप्त रोगों का भी भय बना रहेगा, भाग्य के क्षेत्र में मध्यम फल प्राप्त होंगे परंतु अंततः सफलता आपका मार्ग चूमेगी, कार्य क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति की संभावनाएं बनेंगी। जुलाई 21, 22, 23, 31, अगस्त 1, 2, 9, 10, के दिन अशुभ रहेंगे।

सिंह (LEO) म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे।

सिंह राशि वालों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य उत्तम बना रहेगा, धन के क्षेत्र में लाभ होने की संभावनाएं बढ़ेंगी, पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी, भातृ कष्ट बढ़ेगा, और संतान पक्ष से अशुभ समाचार प्राप्त होंगे, योजनाओं में हानि होगी शत्रुओं का भय बना रहेगा रोगों में वृद्धि होगी स्त्री एवं पति सुख में परस्पर समस्यायें का सामना करना होगा, मानसिक चिंताएं बढ़ेंगी यदि भाग्य आपका साथ दे तो कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनेगी, महीने के अंत में लाभ के योग बनेंगे। जुलाई 24, 25 अगस्त 3, 4, 11, 12, के दिन अशुभ रहेंगे।

कन्या (VIRGO) टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य में लाभ होगा, धन लाभ की प्राप्ति होगी परिवार में भी वृद्धि होगी नेत्रों में रोग होने की संभावनाएं बढ़ेंगी, मानसिक विकार

रहेगा, उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि होगी, भ्रातृ सुख में वृद्धि होगी संतान पक्ष से शुभ सूचनाऐं प्राप्त होंगी, आपकी योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी, स्त्री कष्ट एवं पति कष्ट अनवरत बना रहेगा, भाग्य निर्बल होगा, कार्य क्षेत्र में सफलताएं आपका मार्ग चूमेंगी। जुलाई 17, 18, 26, 27, 28 अगस्त 5, 6, 13, 14, के दिन अशुभ रहेंगे।

तुला (LIBRA) रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तू, ते।

तुला राशि वाले जातकों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से यह महीना उत्तम रहेगा, धन लाभ के योग बनेंगे, पारिवारिक सुख समृद्धि माध्यम बनी रहेगी, बंधु एवं मित्र जनों से सुख की प्राप्ति होगी, पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी, मंत्र व संतान कष्ट की प्राप्ति होगी, मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा योजनाओं में विघ्न बाधाएं आती रहेंगी, स्त्री एवं पति कष्ट बना रहेगा, भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। जुलाई 19, 20, 29, 30, अगस्त 7, 8, 15, 16, के दिन अशुभ रहेंगे।

वृश्चिक (SCORPIO) तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह महीना स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम रहेगा, धन एवं संपत्ति के क्षेत्र में लाभ की संभावना बढ़ेगी, परिवार में सुख एवं समृद्धि की वृद्धि होगी, बन्धु एवं मित्रों से सुख की वृद्धि होगी, उत्साह और पराक्रम में वृद्धि बनी रहेगी, मातृ कष्ट एवं मित्रों से लाभ की संभावनाएं कम होगी, संतान पक्ष से चिंता बढ़ेगी परंतु शुभ कार्यों में स्थिति बनी रहेगी, गृहस्थ में समस्यायें का सामना करना पड़ेगा, भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में विशेष प्रगति उत्तरोत्तर होती रहेगी। जुलाई 21, 22, 23, 31, अगस्त 1, 2, 9, 10, के दिन अशुभ रहेंगे।

धनु (SAGITTARIUS) ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, द

धनु राशि वाले जातकों के लिए इस महीने में स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यधिक कष्ट बढ़ेगा परंतु धन लाभ होगा, बंधु एवं मित्र जनों से सहयोग की प्राप्ति होगी, मातृ पक्ष से कष्ट होगा, संतान पक्ष से चिंता बनी रहेगी, आपकी योजनाएं असफल रहेंगी, शत्रु एवं रोग आपको भयभीत करेंगे, गृहस्थ सुख में समृद्धि बनी रहेगी परंतु भाग्य साथ नहीं देगा कार्य क्षेत्र में वृद्धि होगी। जुलाई 24, 25, अगस्त 3, 4, 11, 12, के दिन अशुभ रहेंगे।

मकर (CAPRICON) भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।

मकर राशि वाले जातकों के लिए इस महीने स्वास्थ्य की दृष्टि से विशेष लाभ होगा, धन एवं परिवार सुख में हानि होगी, बंधु जन एवं मित्र जनों से सहयोग प्राप्त होगा, संतान पक्ष से मध्यम सुख की प्राप्ति होगी, योजनाएं सफलता चुमेंगी गृहस्थ में समस्यायें बढ़ेंगी, नेत्रों में विकार पैदा होगा, मूत्र रोगों की संभावनाएं बढ़ेंगी, कफ एवं धातु विकार में वृद्धि होगी, भाग्य में स्थिरता नहीं बनेगी परंतु सफलताएं मिलती रहेंगी, कार्य क्षेत्र मध्यम रहेगा और लाभ के स्रोत बने रहेंगे। जुलाई 17, 18, 26, 27, 28, अगस्त 5, 6, 13, 14, के दिन अशुभ रहेंगे।

कुम्भ (AQUARIUS) गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द।

कुंभ राशि वाले जातकों के लिए इस महीने में शारीरिक दृष्टि से रक्त विकार की संभावनाएं बढ़ेगी उदर विकार होगा, नेत्रों में कष्ट होगा अनावश्यक व्यय होगा, उत्सव एवं पराक्रम में वृद्धि होगी, बंधु एवं मित्र जनों से सुख की प्राप्ति होगी, मातृ पक्ष से कष्ट होगा एवं माता को भी कष्ट की संभावनाएं बनेंगी, संतान पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी, आप योजनाओं में सफलता प्राप्त करेंगे, शत्रु कमजोर पड़ेंगे रोगों से छुटकारा मिलेगा गृहस्थ में कलह बनी रहेगी, भाग्य मध्यम रहेंगा, कार्य क्षेत्र में विशेष लाभ होने की संभावनाएं बनेगी। जुलाई 19, 20, 29, 30, अगस्त 7, 8, 15, 16, के दिन अशुभ रहेंगे।

मीन (PISCES) दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची।

मीन राशि वाले जातकों के लिए इस माह में विशेष रूप से सिर में पीड़ा होगी और धन लाभ की प्राप्ति होगी, खर्च विशेष रूप से बढ़ेगा, उत्साह एवं पराक्रम में वृद्धि रहेगी, भातृ सुख मध्यम रहेगा, मातृ पक्ष व मित्र जनों से सौहार्द की प्राप्ति होगी, संतान पक्ष से चिंताएं बढ़ेंगी, आप जो योजनाएं बना रहे हैं उनमें कुछ में लाभ मिलेगा कुछ में हानि, गृहस्थ सुख माध्यम रहेगा, मानसिक चिंताएं बढ़ेंगी, भाग्य साथ देगा कार्यक्षेत्र में सफलता आपका मार्ग चूमेंगी। जुलाई 21, 22, 23, 31, अगस्त 1, 2, 9, 10, के दिन अशुभ रहेंगे।

भाद्रपद में प्रत्येक राशि वाले जातकों के लिए शुभ एवं अशुभ फल

मेष (ARIES) चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

मेष राशि वाले जातकों को यह माह स्वास्थ्य की दृष्टि से मध्यम रहेगा, धन के क्षेत्र में बाधाएं पैदा होंगी, घरेलू समस्यायें बढ़ेगी, उत्साह एवं पराक्रम बना रहेगा ,बंधु एवं मित्रों से सुख मध्यम मिलेगा, मातृ पक्ष से सुख की प्राप्ति में बाधाएं बनी रहेंगी, परंतु संतान पक्ष शुभ रहेगा, आपकी योजनाएं सफल होंगी, नेत्रों में विकार बढ़ेगा, गृहस्थ में समस्यायें का सामना करना पड़ेगा, भाग्य प्रबल रहेगा, धार्मिक कार्यों में मन लगेगा, कार्य क्षेत्र में बाधाएं उत्पन्न होंगी, और मान सम्मान में हानि होगी । अगस्त 20, 21, 22, 30, 31, दिसम्बर 8, 9, अशुभ दिन है।

वृष (TAURUS) ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो।

वृष राशि वाले जातकों के लिए यह माह स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत अच्छा नहीं रहेगा, धन की प्राप्ति होगी, परंतु हानि भी होगी, मातृ पक्ष से सुख की प्राप्ति होगी, मित्रों से सहयोग मिलेगा, संतान पक्ष से मध्यम लाभ होगा, योजनाएं सफलता चूमेंगी, गृहस्थ सुख में लाभ होगा, भाग्य एवं कार्य क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति होगी, पितृ कष्ट की संभावनाएं बढ़ेंगी। अगस्त 23, 24 सितम्बर 1, 2, 10, 11 अशुभ दिन है।

मिथुन (GEMINI) क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह

